श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 210, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 30 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

बहनों को मोदी सरकार का 'राखी गिफ्ट'

घरेलू गैस सिलेंडर हुआ 200 रुपये सस्ता, 200 रुपये सस्ता हुआ उज्जवला योजना वाला गैस सिलेंडर, दिल्ली में अब दाम घटकर 903 रुपए हो गए

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने घरेलू उपयोग से जुड़े गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस फैसले को आज मंजूरी प्रदान की। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि ओणम और रक्षा बंधन पर मोदी सरकार ने बहनों को एक बड़ी सौगात दी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस की कीमतों में इजाफे के बावजूद सरकार ने देश में गैस के दामों को बढ़ने नहीं दिया है। अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए इनके दाम में 200 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से कटौती की गई है। उन्होंने कहा, गैस सिलेंडर सस्ता हुआ फिर एक बार, राखी पर बहनों को मोदी सरकार का उपहार।

उन्होंने बताया कि इसका देश के 33 करोड़ उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इससे सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7,680 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इसके अलावा ठाकुर ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत 75 लाख बहनों को सरकार मुफ्त में गैस कनेक्शन देगी। सरकार पहले ही धुएं से मुक्ति के लिए 9.60 करोड़ बहनों को उज्जवला योजना का लाभ दे चुकी है। इसके लिए गैस सिलेंडर, चूल्हा, पाइप व अन्य सामग्री बिना एक रुपये लिये उन्हें मुफ्त दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में गैस सिलेंडर की कीमत 1103 रुपये है। अब इसकी कीमत घटकर 903 रुपये हो जाएगी।

गैस की कीमतें कम होने से बहनों के जीवनयापन में आसानी बढ़ेगी: मोदी सरकार ने सभी एलपीजी उपभोक्ताओं यानी 33 करोड़ कनेक्शन वालों के लिए एलपीजी सिलेंडर की कीमत 200 रुपये प्रति सिलेंडर कम करने का फैसला लिया है। इस निर्णय के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि, रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है। गैस की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा।

बहनों को मोदी सरकार त्योहारों पर का उपहार: नड्डा

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी कटौती के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। नड्डा ने एक्स (ट्विटर) पर कहा कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में रसोई गैस की कीमत में भारी कटौती का निर्णय लिया गया। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभार। उन्होंने कहा कि अब उज्ज्वला लाभार्थियों को रसोई गैस 700 में और अन्य सभी उपभोक्ताओं को रसोई गैस 900 में मिलेगी। रक्षाबंधन पर हमारी नारी शक्ति को मोदी जी का उपहार। इस निर्णय से देशभर में 33 करोड़ उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

वहीं घरेलू गैस (एलपीजी सिलेंडर) की कीमतों में कमी पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह त्योहारों पर माताओं - बहनों को मोदी सरकार का उपहार है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में प्रति सिलेंडर 200 रुपये घटाया गया है। यह प्रधानमंत्री की तरफ से देश के माताओं-बहनों को रक्षाबंधन का उपहार है। इस निर्णय से उज्ज्वला लाभार्थियों की कुल सब्सिडी 200 से बढ़कर 400 रुपये हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस सर्वस्पर्शी निर्णय से पर्व-त्योहारों की रौनक और बढ़ेगी और मध्यम और सामान्य वर्ग के 33 करोड़ परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही 75 लाख और गरीब मां-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का निर्णय लिया गया है। इससे कुल उज्ज्वला लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। यह निर्णय हर घर स्वच्छ ईंधन से स्वास्थ्य, सुरक्षा और महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने इस जन-हितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी आभार व्यक्त किया।

चन्द्रयान मिशन की सफलता के लिए कैबिनेट ने की वैज्ञानिकों की सराहना

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इसरो के चन्द्रयान मिशन की सफलता के लिए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की है और कहा है कि यह हमारी अंतरिक्ष एजेंसी की ही सफलता नहीं है बल्कि भारत की प्रगति और ग्लोबल स्टेज पर हमारी ताकत का भी प्रतीक है। कैबिनेट इस बात का स्वागत करती है कि अब 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे के तौर पर मनाया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट इसरो के प्रयासों के लिए उसे बहुत-बहुत बधाई देती है। हमारे वैज्ञानिकों के निरंतर प्रयासों की वजह से भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रमा पर उतरना, वो भी पूर्व निर्धारित पैरामीटर्स पर पूरी तरह खरा उतरते हुए, अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरना इस भावना का प्रतीक है कि कैसे हमारे वैज्ञानिक ज्ञान की खोज के लिए हर सीमा के पार जाने के लिए तैयार रहते हैं। प्रज्ञान रोवर के द्वारा हमें जो जानकारियों का खजाना मिल रहा है, उससे हमारे ज्ञान में वृद्धि होगी, नई खोज का मार्ग बनेगा और चंद्रमा के रहस्यों को समझने और उसके भी पार जाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट का यह मानना है कि तेजी से बदलते तकनीक और इनोवेशन के दौर में हमारे वैज्ञानिक ज्ञान, समर्पण और विशेषज्ञता की मिसाल हैं। भारत के अंतरिक्ष प्रोग्राम में महिला वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कैबिनेट को गर्व है कि चंद्रयान-3 की सफलता में भी हमारी महिला वैज्ञानिकों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। यह सफलता आने वाले वर्षों में भी हमारी महिला वैज्ञानिकों को प्रेरित करती रहेगी। कैबिनेट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंडियन स्पेस प्रोग्राम के प्रति उनके विजन और लीडरशिप के लिए बधाई देती है। उनके नेतृत्व में इंडियन स्पेस प्रोग्राम पूरी मानवता के कल्याण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है।

कांग्रेस नेता ए के एंटनी के बेटे बने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

नई दिल्ली। देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं कांग्रेस नेता ए. के. एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। अनिल एंटनी को पिछले महीने ही राष्ट्रीय सचिव बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में शुमार ए.के. एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी एक समय में कांग्रेस के नेता थे और केरल कांग्रेस के चर्चित चेहरों में शामिल थे। लेकिन गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री मोदी पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री विवाद के बाद पर कांग्रेस के रुख को देखते हुए उन्होंने जनवरी में पार्टी छोड़ दी थी और वे भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा से जुड़ते ही उन्हें पार्टी में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई। अब उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं में स्थान दिया गया है। बताया जा रहा है कि केरल में भाजपा को मजबूत करने के लिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

रक्षाबंधन पर उपराष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संदेश

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम जारी अपने शुभकामना संदेश में कहा कि रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर, मैं सभी भारतीयों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का उत्सव प्यार के उस खूबसूरत बंधन का प्रतीक है जो भाइयों और बहनों को बांधता है और उन्हें आपसी विश्वास और अटूट प्रतिबद्धता में एक साथ रखता है। उपराष्ट्रपति ने कहा इस रक्षाबंधन पर, आइए हम अपनी "नारी शक्ति" के साथ खड़े होने का संकल्प लें क्योंकि वे भारत को और अधिक गौरव पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह त्योहार हमारे जीवन में खुशियां ही खुशियां बढ़ाए।

ब्रिटेन की हवाई सेवाएं दूसरे दिन भी बाधित

लंदन। ब्रिटेन में सोमवार को बंद हुई हवाई सेवाएं दूसरे दिन भी बाधित रहीं। हवाई यातायात सेवा में तकनीकी खराबी की वजह से उपजे इस संकट के पीछे किसी तरह के साइबर हमले की आशंका को ब्रिटेन सरकार के मंत्री ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

'हैलो धरतीवासियों, जल्द ही सबसे अच्छी जानकारी मिलने वाली है...'

नई दिल्ली। इसरो ने मंगलवार को चंद्रयान-3 मिशन पर नया अपडेट दिया है। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर सही तरह से काम कर रहा है और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रज्ञान रोवर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर घूम रहा है और वहां से नई जानकारी जुटा रहा है।

नई जानकारी जुटा रहा प्रज्ञान रोवर

इसरो ने बताया कि रोवर अब चंद्रमा पर रहस्यों का पता लगाने में जुटा है। साथ ही उसने वहां से धरतीवासियों के लिए खास संदेश भी भेजा है। उसने बताया कि जल्द ही कुछ नई जानकारी सामने आने वाली है।

धरती के लिए रोवर ने भेजा खास संदेश

इसरो के चंद्रयान-3 ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किया, हैलो पृथ्वीवासियों, यह चंद्रयान-3 का प्रज्ञान रोवर है। मैं आशा करता हूं कि आप अच्छे होंगे। मैं आपको बताना चाहूंगा कि मैं चंद्रमा पर रहस्यों के बारे में पता लगाने के लिए आगे बढ़ रहा हूं। मैं अपने दोस्त विक्रम लैंडर से संपर्क में हूं। हमारी कंडीशन ठीक है। जल्द ही कुछ अच्छी जानकारी आनेवाली है।

प्रज्ञान रोवर को दिखा था गड्ढा

प्रज्ञान रोवर अपने तय लक्ष्य के अनुसार, चांद पर आगे बढ़ रहा है और वहां से इसरो के वैज्ञानिकों को अपडेट भेज रहा है।

रोजगार के नए हब के रूप में स्थापित होगा बुंदेलखंड: सीएम योगी

झांसी/लखनऊ। अब तक भले ही बुंदेलखंड का नौजवान नौकरी के लिए बुंदेलखंड से बाहर का रुख करता रहा होगा, लेकिन डिफेंस कॉरिडोर और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ जब यहां पर औद्योगिक दृष्टि से विकसित क्षेत्र बनेगा तो दुनिया कार्य करने के लिए झांसी और बुंदेलखंड में आएगी। यह नौकरी और रोजगार के नए हब के रूप में स्थापित होगा। ये जो क्षेत्र विकसित हो रहा है इसमें एक तरफ बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे है तो दूसरी तरफ कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग और इसके बीच में बनेगा एक नया एयरपोर्ट जो झांसी के विकास को एक नई ऊंचाई देगा। बुंदेलखंड पहला क्षेत्र होगा जिसके पास दो-दो एयरपोर्ट होंगे। एक एयरपोर्ट झांसी में और एक चित्रकूट में। ललितपुर में भी फार्मा पार्क नई गति पकड़ रहा है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर झांसी में 2,009 करोड़ रुपए की 100 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास एवं हॉकी ओलंपिक खिलाड़ियों का सम्मान एवं हॉकी मैच का शुभारंभ करते हुए कहीं। इससे पूर्व सीएम योगी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही हॉकी संग्रहालय का उद्घाटन व अवलोकन भी किया। सीएम योगी ने कहा कि आज बुंदेलखंड विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री के आदेश के बाद जब पहली बार यहां आया था तब यहां के जनप्रतिनिधियों ने कहा था कि यहां कनेक्टिविटी भी नहीं है और पानी की भी समस्या है।

नितिन गडकरी ने दुनिया की पहली शत प्रतिशत इथेनॉल-ईंधन वाली कार लॉन्च की

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को यहां दुनिया की पहली शत प्रतिशत इथेनॉल-ईंधन वाली कार लॉन्च की। यह टोयोटा किर्लोस्कर मोटर द्वारा विकसित बीएस-श्क (स्टेज-क्क) "इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल" का दुनिया का पहला प्रोटोटाइप है। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि आज दुनिया का पहला बीएस-श्क (स्टेज-क्क), विद्युतीकृत फ्लेक्स-ईंधन वाहन लॉन्च करना देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर देश बनने के लिए तेल आयात को शून्य पर लाने की जरूरत है। इथेनॉल एक स्वदेशी, पर्यावरण-अनुकूल और नवीकरणीय ईंधन है, जो भारत के लिए आशाजनक संभावनाएं रखता है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पर मोदी सरकार का जोर ऊर्जा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने, किसानों की आय दोगुनी करने, उन्हें अन्नदाता के रूप में समर्थन जारी रखते हुए ऊर्जादाता में परिवर्तित करने और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के उद्देश्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि जिस दिन इथेनॉल अर्थव्यवस्था 2 लाख करोड़ की हो जाएगी, कृषि विकास दर मौजूदा 12 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाएगी। जैव ईंधन में नवाचारों के बारे में बात करते हुए गडकरी ने असम के नुमालीगढ़ में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की रिफाइनरी के बारे में बात की, जहां जैव इथेनॉल के निर्माण के लिए बांस का उपयोग किया जा रहा है।

चीन के तथाकथित मानक नक्शे पर भारत का विरोध

नई दिल्ली। भारत ने चीन की ओर से जारी तथाकथित मानक नक्शे पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए राजनयिक माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि "हमने आज भारतीय क्षेत्र पर दावा करने वाले चीन के तथाकथित 2023 "मानक मानचित्र" पर चीनी पक्ष के साथ राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक मजबूत विरोध दर्ज कराया है। हम इन दावों को खारिज करते हैं। इनका कोई आधार नहीं है। चीन की ओर से इस तरह के कदम केवल सीमा मसले के समाधान को जटिल बनाएंगे।

उल्लेखनीय है कि चीन ने इस तथाकथित नक्शे में अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन पर अपना दावा किया है। चीन पहले भी इस तरह की हरकतें करता रहा है।

आईक्यूआरए आईएएस संस्थान पर झूठे दावों के लिए लगा जुर्माना

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने झूठे दावों के लिए आईक्यूआरए आईएएस संस्थान पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। ये जुमार्ना भ्रामक विज्ञापन दिए जाने के संबंध में लगाया गया है। सीसीपीए ने संस्थान को संबंधित विज्ञापन तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि सीसीपीए ने झूठे दावों के लिए आईक्यूआरए आईएएस संस्थान पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। दरअसल संस्थान ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के शीर्ष स्थान पाने वालों के संबंध में भ्रामक विज्ञापन दिया था। सीसीपीए ने इस विज्ञापन और वेबसाइट से झूठे दावों को तुरंत हटाने का निर्देश भी दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा, जम्मू-कश्मीर को फिर राज्य का दर्जा कब

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए समय सीमा क्या है और उसका रोडमैप क्या है? कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि राज्य में चुनाव कब करा रहे हैं?

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने अनुच्छेद 370 को लेकर दाखिल की गई याचिकाओं पर बारहवें दिन की सुनवाई पूरी कर ली है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए समय सीमा क्या है और उसका रोडमैप क्या है? कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि राज्य में चुनाव कब करा रहे हैं? चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर अगली सुनवाई 31 अगस्त को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि राज्य में लोकतंत्र की बहाली बहुत महत्वपूर्ण है। तब केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने और लोकतंत्र बहाली को लेकर 31 अगस्त को कोर्ट को जानकारी देंगे। इस संबंध में सॉलिसिटर और अटॉर्नी जनरल व्यक्तिगत तौर पर सरकार से मिल कर बात करेंगे। जब चीफ जस्टिस ने मेहता से पूछा कि राज्य में चुनाव कब करा रहे हैं तो मेहता ने इसका सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उसी की तैयारी हो रही है। हम चुनाव कराने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। मेहता ने याचिकाकर्ताओं की उस दलील का जवाब दिया जिसमें कहा गया था कि कुछ रियासतों को अनुच्छेद 370 के तहत आश्वासन दिया गया था, जिसके बदले में उन्होंने भारत में शामिल होने का फैसला किया। इसलिए इसे स्थायी माना जाना चाहिए। मेहता ने इसके खिलाफ रघुनाथराव गणपतराव बनाम भारत का हवाला देते हुए कहा कि संविधान निर्माताओं ने कभी भी अनुच्छेद 370 को स्थाई रूप में लाने का इरादा नहीं किया था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर राज्य में दशकों से जो लगातार स्थिति बन रही है, वह अन्य सीमावर्ती राज्यों के साथ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सीमावर्ती राज्य नहीं है बल्कि यह एक अलग तरह का सीमावर्ती राज्य है। मेहता ने कहा कि वहां युवाओं को मुख्यधारा में कैसे लाया जाए, हम इसी दिशा में काम कर रहे हैं। इसके लिए उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। तब चीफ जस्टिस ने पूछा कि क्या संसद के पास राज्य को केंद्रशासित प्रदेश बनाने की शक्ति है। अगर वहां केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति स्थायी नहीं है तो यह कितनी अस्थायी है। मेहता ने कोर्ट को बताया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करना एक अस्थायी उपाय है और भविष्य में जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश को वापस राज्य के रूप में वापस कर दिया जाएगा।

सर्व समाज को एकता के सूत्र में जोड़ता है संघ : लाल बिहारी

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़ के राम वाटिका में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

शंकरगढ़। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शंकरगढ़ के राम वाटिका में रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इस आयोजन में सहप्रान्त कार्यवाह लाल बिहारी ने धर्म ध्वजा को रक्षा सूत्र बांधा। सह प्रान्त कार्यवाह जी ने कहा कि वैसे तो राखी का यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते को मजबूती प्रदान करता है, पर सामाजिक रूप से यह पर्व समाज के हर वर्ग को एकता के सूत्र में जोड़ता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा और प्रेम से जुड़ा यह धागा पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोता है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी रक्षा बंधन उत्सव के मौके पर पूरे समाज को एक करने की कोशिश में लगा हुआ है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को आहवाहन करते हुए कहा कि लोग रक्षा के इस बंधन का महत्व समझें, इसमें प्रेम और सुरक्षा की भावना अंतर्निहित है। इसमें एक दूसरे की रक्षा का व्रत है। यह हिन्दू धर्म और समाज की एकता का प्रतीक भी है। हम हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिये आगे भी कार्य करते रहेंगे। आज लोगों के बीच आपसी प्रेम और एकता का भाव कम होना चिंतन का विषय है। इसके लिये हम सभी को अपने भाव, दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार में परिवर्तन करना होगा। पूरे समाज की सोच एक हो, समरसता बनी रहे, लोग एक, दूसरे के सुख-दुःख में भागीदार बनें। इस पूरे देश और समाज को हमें अलग-अलग नहीं बल्कि एक घर की तरह देखना चाहिए। आज हिन्दू समाज के पास क्या क्या चुनौतियां हैं, क्या क्या बाधायें हैं, हमको इस पर भी मंथन की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजा कमलाकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय समाज जैसा अनुपम उदाहरण कहीं और नहीं दिखता। अनादि काल से इस समाज ने हर वर्ग को एक दूसरे से जोड़कर रखा और सभी के विकास और सुरक्षा का प्रबंध किया। आरएसएस की प्रेरणा से इसे आज के बदलते परिवेश में और मजबूत करने की जरूरत है। रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने एक दूसरे को रक्षासूत्र बाँधा।इस मौके पर जिला संघ चालक सुरेंद्र नाथ पांडेय, जिला प्रचारक यमुनापार आलोक जी, जिला संपर्क प्रमुख मुकेश जी, जिला सह कार्यवाह अभिषेक जी,शिवेंद्र जी, खंड संघ चालक सूर्यकांत शुक्ला, खंड कार्यवाह दिवाकर जी, सह संघ चालक राजेश केसरवानी,सहव्यवस्था प्रमुख अजय केसरवानी, शारीरिक प्रमुख निखिल केसरवानी, खंड प्रचार प्रमुख आलोक गुप्ता,संतोष त्रिपाठी, मसुरिया दीन वर्मा, पीसी मिश्रा, राजेन्द्र केसरवानी, रजत कुमार, गणेश केसरवानी, उमा वर्मा, विवेक शुक्ला, शुभम, अंकित आदि लोग मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन,प्रबंधक ने दी बधाई

राखी आर्ट एन्ड क्राफ्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

शंकरगढ़। न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व नन्हे मुन्ने बच्चों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस बीच आर्ट एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल परिसर में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी तथा रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच रक्षाबंधन को लेकर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि हमारे त्योहार आपसी भाईचारा व सौहार्द बढ़ाने के लिए बनाए गए हैं । त्योहारों की परंपरा हमें ऐसे ही कायम रखनी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीएल सोनी, रवि सिंह ,राहुल राव ,सुशांत, साक्षी पांडे, निकेता पाण्डेय, अर्चना, अनुज मिश्रा सहित सभी अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

गजरूप सिंह कान्वेंट स्कूल में राखी प्रतियोगिता में रिशू विश्वकर्मा व जयकरन प्रथम स्थान पर रहे

करछना। गजरूप सिंह कान्वेंट स्कूल धरवारा में रक्षाबंधन त्यौहार के मद्देनजर मंगलवार को राखी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें स्कूली बच्चों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रूबी सिंह ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में कक्षा 8 की रिशू विश्वकर्मा व कक्षा 7 के जयकरन प्रथम स्थान पर रहे। वहीं प्रतियोगिता में अव्वल रहे सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक गौरव सिंह की ओर से पुरस्कृत करके सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर विद्यालय के व्यवस्थापक विवेक सिंह योगेंद्र यादव अभिषेक शुक्ल राहुल विश्वकर्मा प्रभात त्रिपाठी शिवाजी राजवीजिका मिश्रा अन्नया सिंह अनामिका सोनी अंजली सिंह ममता सोनी मोनिका प्रियंका पटेल प्राची सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित

धनूपुर। भाई बहन के अटूट बंधन का पर्व रक्षाबंधन का त्योहार क्षेत्र में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हंडिया पीजी कॉलेज हंडिया में गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास साथ मनाया गया। उस अवसर पर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने कॉलेज के शिक्षकों एवं छात्रों तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर राखी बांधी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर अजय सिंह ने विभाग की प्रशंसा करते हुये कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन अध्यनशील बालिकाओं के उत्साहवर्धन एवं प्रेरणा का पथ सुदृढ़ करेगा। महाविद्यालय के कुशानुशासक डॉ रतन सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महाविद्यालय के लिये नवीन परम्परा का सृजन करने वाला साबित होगा। इस अवसर पर विभाग द्वारा कराये गये प्रतियोगिता में रुचि सिंह प्रथम, दरक्षा द्वितीय खुशबू एवं शाजिया तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ ज्योत्स्ना सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉ मधुलिका त्रिपाठी, लिपिक गण, विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक शिव कुमार तिवारी तेजस्वी, जिला संगठन मंत्री सौरभ, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवा दुबे, नगर मंत्री धनूपुर पवन रावत, उदभव मिश्रा, नवीन केसरी, आशीष, लक्ष्मीकांत शर्मा, आशुतोष विश्वकर्मा, प्रतीक मिश्रा, अरविंद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

एसजीडी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन उत्सव

मेजा। एसजीडी पब्लिक स्कूल मेंडरा के बच्चों द्वारा रक्षाबंधन का पर्व स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर राखी मेकिंग और थाली सजावट कर नन्हें बच्चों ने पर्व मनाया। साथ ही एक दूसरे को राखी बांधकर एकता का संदेश दिया छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांध इस त्यौहार को मनाया। स्कूल की छात्राओं ने सुमधुर स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। रक्षा बंधन उत्सव में शिक्षकों ने छात्रों को इस त्योहार के महत्व को समझाया। स्कूल के प्रिंसिपल पवन तिवारी ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं को संयुक्त रूप से दर्शाने का काम करते हैं रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के प्रेम का पर्व है उन्होंने राखी को मनाने के कारणों पर विस्तार से प्रकाश डाला श्री तिवारी ने जहां बालिकाओं को भाई के दाहिने कलाई में राखी बांधने के कारणों और बालकों को बहन को राखी बांधने के बाद उपहार देने की परम्परा को भी दर्शाया शिक्षिकाओं ने प्रिंसिपल को राखी बांधकर राखी के पर्व को मनाया।

नवोदय में धूमधाम से मनाया गया ओणम का त्योहार

मेजा। जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा में ओणम के त्यौहार को धूमधाम से बिगत 10 दिनों से मनाया जा रहा है। यहां पर केरल के मल्लापुरम से कक्षा 9 के विद्यार्थी अध्ययन हेतु प्रवास पर हैं वहां के छात्राओं ने रंगोली गायन और नृत्य आदि के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्या श्रीमती सुधा सेठी ने भारत की विविधता को सबसे बड़ी खूबसूरती बताया। उप प्राचार्य डॉक्टर प्रमोद मिश्र ने कार्यक्रम की सफलता पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त किया। वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर डीके त्रिपाठी के अनुसार इस तरह के कार्यक्रम हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करते हैं। नितिन कुमार ने कार्यक्रम की सुंदर फोटोग्राफी किया। डॉक्टर अरविंद चौधरी के अनुसार पुराणों में वर्णित राजा बलि और वामन भगवान की कथा ही ओणम का मुख्य आधार है। अल्पना और नृत्य आदि कार्यक्रम में आर्या, अनन्य, जलवा, आशिमा, देवी तन्म्या, कीर्तना, अवंतिका, नंदना, देव दर्शन अक्षय, असमल, अभिनव, आश्विन आदि ने सक्रिय प्रतिभाग किया इस मौके पर प्रमुख रूप से अमित, अभिषेक, शिल्पी जी सीमा राय, विवेकानंद मौर्य, सुनील पाल, रजनीश जी, श्रीमती समता रत्ना आदि ने सक्रिय योग दिया।

सेंट पीटर्स स्कूल में रखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

सिरसा। मेजा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लाक उरुवा में सेंट पीटर्स स्कूल छावा सिरसा में राखी बनाने की प्रतियोगिता कराई गई जिसमे कक्षा ३ से ८ के विद्यार्थियों ने भाग लिया और एक से बढ़ कर एक सुंदर राखियाँ बनाई। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक राखियां बनाई। किसी ने धागे से किसी ने कागजों का उपयोग राखी का निर्माण किया इसके पश्चात अपनी कक्षा के छात्रों की कलाई पर राखी बांधी छात्राओं ने तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना की। सबसे अच्छी राखियाँ बनाने वाले बच्चों के नाम आदर्श कुमार, सुहाना शेख, करण सेठ, प्रिंस, अनन्या केशरी, आराध्या केशरी, कुशाग्री केशरी, अलीशबा, आयुष तिवारी, अंशिका पाल, सक्षम, साची अग्रवाल, अवंतिका, अंश सोनकर, यशवी सोनी, हर्षित सिंह, अकलीमा खातून, मानवी केशरी और आयशा वसीम। सेंट पीटर्स स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षाबंधन पर्व सनातन संस्कृति और परम्परा का जुड़ाव का त्यौहार है। समर्पण का भाव दिखता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमति शिवानी खेड़ा सोनी ने बच्चों को आने वाले पर्व रक्षाबंधन की बधाई दी।

ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता संपन्न

सिरसा। यमुनापार मेजा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड उरुवा में हाई स्कूल अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल मवैया रोड रामनगर सिरसा में आज दिनांक २९ अगस्त २०२३ को स्कूल में राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। बच्चों ने तरह तरह की राखी बनायी किसी ने धागे से किसी ने कागजों का उपयोग कर राखी का निर्माण किया। [illegible] राखी बनाने की प्रतियोगिता में [illegible] किया गया। समूह स के बच्चों द्वारा जो राखी बनायी गयी वह रामनगर में श्री शीतला जी एवं माता दुर्गा जी को बच्चों द्वारा अर्पित कर उनका पूजन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर नीरज नाथ तिवारी ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबन्धक डॉक्टर नीरज द्वारा सभी विद्यार्थियों की हस्त कला की प्रशंसा करते हुए इस तरह की प्रतियोगिता को आगे भी आयोजन करवाते रहने की अपनी पुनः बात दोहरायी। डॉक्टर नीरज ने कहा कि यदि बच्चे इस तरह के गुण सिखते है तो भविष्य में वे स्वावलम्बी एवं समृद्ध रहेंगे। डॉक्टर नीरज ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्षा बंधन का पर्व सनातन संस्कृति और परम्परा का जुड़ाव का त्यौहार है। यह त्यौहार भाई बहनों के लिए त्याग समर्पण का भाव दिखलाता है। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा देवी ने सभी प्रतिभागी छात्रों का उत्साह वर्धन किया और रक्षा बंधन पर सभी बच्चों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। [illegible] इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक अजीत सिंह, आरत के० शर्मा, श्रीकान्त दुबे, कामिनी श्रीवास्तव, विनीत विश्वकर्मा, दीपचन्द आदि सभी शिक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है : बृजबिहारी दास

प्रमुख प्रतिनिधि गंगाप्रसाद ने सुनी भागवत कथा,की आरती, कथा के पांचवें दिन व्यास ने श्रीकृष्ण लीला का किया वर्णन

मेजा। श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास बृजबिहारी दास जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया।से दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा मेजा के गुनई गहरपुर में आयोजित की जा रही है। कथा व्यास ने कृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। कंस का आमंत्रण मिलने के बाद भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी के साथ मथुरा को प्रस्थान करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए।कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं। परंतु मानस पाप नहीं होते। कलयुग में हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है। कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है सच्चे हृदय से हरि नाम के सुमिरन मात्र से कल्याण संभव है। इसके लिए कठिन तपस्या और यज्ञ आदि करने की आवश्यकता नहीं है। जबकि सतयुग, द्वापर और त्रेता युग में ऐसा नहीं था। कथा का आयोजन स्व.प्रेमसागर और स्व.करुणासागर के श्राद्ध के उपलक्ष्य में किया गया है।कथा के मुख्य यजमान श्रीमती अनार कली पत्नी स्व.प्रेमसागर दुबे, श्रीमती जय देवी पत्नी स्व.करुणासागर दुबे और विद्यासागर दुबे ने सपत्नीक द्वारा आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।कथा के दौरान भजन गायक शिवम तिवारी,तबके पर पवन गर्ग और हर्ष त्रिपाठी ने संगीतमय भजन प्रस्तुत कर कथा को रोचक बना दिया। कथा के आयोजक गणों में अनिल, सुनील, कुलदीप, धीरज, शिवम, उत्सव, सत्यम तिवारी, रमेश चंद्र, शुभम, कमलाकांत और ऋषभ का योगदान सराहनीय रहा। कथा में प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, मंगला तिवारी, असुतोष मिश्र, बनुआन द्विवेदी, प्रमुख कोरांव मुकेश कोल, ज्ञान चंद्र मिश्र, रामकृष्ण तिवारी, रवींद्र तिवारी सहित भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण से ग्रामीणों में रोष

कोरांव। एसडीएम कोरांव के आदेश के बावजूद लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित संसारपुर नेवढ़िया पाल मार्ग अवैधानिक ढंग से अतिक्रमण कर लिए जाने की शिकायत भागवत सिंह समाजिक कार्यकर्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी हैं। बतादे की ग्राम नेवढ़िया पाल में मुख्य मार्ग पर दर्जनों लोग सड़क पर खुटा एवम हौदा गाड़ कर पटिया बिक्षा कर सड़क को तंग कर दिया गया हैं, जिस कारण गंदगी और जलजमाव तथा पटरिया अतिक्रमित हों जाने के कारण आवागमन में बाधा उत्पन्न हों रहीं हैं। इस संबंध में समाजिक कार्यकर्ता की सिकायत पर थाना एवम तहसील दिवस में उपजिलाअधिकारी के माध्यम से जांच कराई गई जिसमे कानूनगो लेखपाल ने मौके की जांच कर के नामजदगी रिपोर्ट अतिचारियो के बिरूध तहसील प्रशासन को रिपोर्ट सौंपी हैं। जिसके क्रम में एसडीएम ने थाना प्रभारी कोराव को राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर अवैध कब्जे को हटाने का आदेश दिया है, किंतु अभी तक अतिक्रमण न हटने से स्कूल आने जाने वाले छात्र-छात्राओं सहित राहगीरों को कठिन समस्या से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने तत्काल अतिचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करके उक्त मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की है।

शारीरिक, मानसिक व सामाजिक विकास के लिए खेल जरूरी : विजय पाल

फूलपुर। खेल से ब्यक्ति का शारीरिक व मानसिक विकास होने के साथ ही उसका सामाजिक विकास भी होता है। स्वस्थ शरीर के लिए बच्चों को शैक्षिक कार्यों के साथ ही खेल कूद में भी बढ़चढकर भाग लेना चाहिए। यह बातें मंगलवार को खेल दिवस पर ईशा पब्लिक स्कूल में आयोजित बच्चों की गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक विजय पाल ने कही। हाकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के बिषय में बच्चों को बताते हुए उन्होंने बच्चों से देश के प्रति वफादार रहने की अपील की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक डी के पटेल, सी बी, धर्मेन्द्र राजपूत, इंदू त्रिपाठी,नीलम पाल, ऊषा राय सविता चौरसिया उपासना यादव प्रतिभा पांडेय महफूज सौम्या यादव शिवानी यादव, दीक्षा मिश्रा, ज्योति पटेल सहित अन्य छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खेलों पर अपने विचार रखा।

प्राचीन काल से चली आ रही है भारत में भंडारे की परम्परा : केसरी देवी पटेल

मऊआइमा। मऊआइमा कस्बा के गजिया बजार स्थित शिव मंदिर पर शिव मंदिर सेवा समिति के तत्वाध्यान मे एक विशाल भंडारे का आयोजन मुन्नू मौर्या की अध्यक्षता मे किया गया। भंडारे में बतौर मुख्यअतिथि सांसद केसरी देवी पटेल ने कहा कि भंडारे की परंपरा भारत में प्राचीन काल से चली आ रही है` हालांकि अब इसका स्वरूप बदल गया है` प्राचीन काल में यह अन्नदान के रूप में जाना जाता था` अन्न दान का उल्लेख शास्त्रों और पुराणों में कई स्थानों पर किया गया है` राजा महाराजा यज्ञ हवन और धार्मिक अनुष्ठान करवाते रहते थे` इनमें गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन और वस्त्र बांटा करते थे` आज वही परंपरा भंडारे के रूप में विकसित हो गई है। इसी क्रम में प्राण प्रतिष्ठा के समापन पर मऊआइमा स्थित गंजिया बाजार शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आए लगभग हजारो श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा । इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद प्रदीप केसरवानी, सभासद रवि साहू,विन्देश्वरी प्रसाद , मोनू हलवाई ,नन्हे केसरवानी, राजीव केसरवानी, शनि, मो आलम , चेयरमैन शोएब अंसारी समेत भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

संगोष्ठी उपरांत संकल्प के साथ किया गया पौधारोपण

सहसों। क्षेत्र के समाज सेवी एवं पूर्व प्रधान स्वर्गीय लाल चन्द्र पटेल तथा स्वर्गीय फूल चंद्र पटेल के स्मृति में छत्रपति साहू जी महाराज पार्क गोल चौराहा सहसों के प्रांगण में शिक्षक सत्येंद्र सिंह के संयोजन में अरविंद सिंह पटेल द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी तरह स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट कॉलेज सहसों के प्रांगण में सामाजिक उत्थान संस्थान के कार्यकर्ताओं एवं समाज के प्रबुद्ध जन तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा आयोजित सामाजिक संगोष्ठी में सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक कार्यों के लिए अंधविश्वास, फिजूल खर्ची रोकने तथा गुणात्मक शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा एवं मानवता के लिए वैज्ञानिक सोच से चंद्रयान 3 की सफलता एवं मेरी माटी मेरा देश, स्वच्छता पखवाड़ा, स्वच्छ भारत अभियान, साफ सफाई एवं जल जीवन हरियाली मिशन के लिए पौधारोपण किया गया। चलो गांव की ओर, गांव-गांव घर-घर जाकर कार्यशाला के माध्यम से नशा से जुड़े हुए युवाओं को नशा मुक्त होकर रोजगार परक शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के लिए हर घर के नागरिकों एवं महिलाओं को योगाभ्यास, ध्यान योग आध्यात्मिक योग प्रशिक्षण के द्वारा किया जाएगा। संगोष्ठी में पौधरोपण के पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर धीरेंद्र सिंह, राम प्रकाश सिंह, सुरेश सिंह, रामानुज सिंह, राम सिंह, नरेंद्र सिंह, शिक्षक बलवंत सिंह, प्रताप बहादुर सिंह, लालजी, कवि उमेश पटेल, बीएल साहनी, हिंचलाल सिंगरौर, प्रताप बहादुर भारतीया, भागीरथी भारतीया सहित आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

बैंक द्वारा वितरित किया गया सामाजिक सुरक्षा चेक

सहसों। बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा बैंक शाखा पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर में सामाजिक सुरक्षा के लाभार्थियों को चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर गारापुर स्थित बैंक में मृतक आश्रित के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री द्वारा संचालित सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पुष्पा देवी के पति राजेश्वर त्रिपाठी, मृतक केसा देवी के पति उमेश कुमार व मृतक सुषमा देवी के पति अवधेश कुशवाहा को शाखा प्रबंधक अशोक यादव द्वारा दो-दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप शाखा प्रबंधक संजू कुमारी एवं एफएलसी लोकेंद्र तिवारी ने योजना के विषय में विस्तृत रूप से बताते हुए लोगों को जानकारी दी। इस योजना से अन्य लाभार्थी प्रभावित होकर लगभग 50 लोगों ने कैंप में अपना रजिस्ट्रेशन कराया।

स्वस्थ तन मन के लिए खेल जरूरी : मनीष

करछना। हमारे स्वस्थ तन मन और शारीरिक स्पूर्ति के लिए खेलकूद बहुत ही आवश्यक है। इससे एक साथ कई योग क्रियाएं भी होती हैं,साथ ही शरीर को ऊर्जा मिलती है।यह बातें राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित खेलकूद कार्यक्रम के पूर्व प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने बच्चों के बीच कही।उन्होंने खेल जगत में राष्ट्र के गौरव मेजर ध्यान चन्द द्वारा देश को हॉकी में कई स्वर्ण पदक दिलाने की स्मृतियों को ताजा करते हुए बच्चों को कई प्रेरणादायक संस्मरण सुनाए। इस दौरान सीनियर वर्ग बच्चों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता समेत जूनियर वर्ग छात्राओं की खो-खो,कबड्डी प्रतियोगिता,साइकिल रेस, गोला फेंक जैसे कई खेलों में छात्र और छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य ने प्रार्थना सभा में बच्चों को खेल को लेकर शपथ भी दिलाई और प्रतिदिन नियमित रूप से खेल को अपनी दिनचर्या में शुमार करने पर जोर दिया। प्रवक्ता जितेंद्र कुमार,मोहम्मद परवेज सिद्दीकी और एनसीसी अधिकारी रमेश चन्द्र तिवारी के निर्देशन में खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन किया गया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सौर ऊर्जा लोगों सहित पर्यावरण के लिए उपयोगी है अमित मिश्र

करछना। सनग्लैक्सौ इन्फोटेकप्राइवेट लिमिटेड लखनऊ के 4 वर्ष पूर्ण होने पर ब्रांच ऑफिस पचदेवरा में आचार्य प्रमोद कुमार मिश्र के सानिध्य में प्रबंध निदेशक अमित कुमार मिश्र निदेशक पूजा सिंहसंजय सिंह गजाधर कृष्णा लोकेश पांडेय तथा एसपी सीएस के निदेशक सौरभ की ओर से शिवजी का रुद्राभिषेक के सहित पूजन और आरती की गई । इस अवसर पर प्रबंध निदेशक अमित कुमार मिश्र ने सौर ऊर्जा पैनल को सौर ऊर्जा संरक्षण कोउपयोगी तथा पर्यावरण के लिए भी उपयोगी बताया । उन्होंने बताया कि कंपनी के द्वारा सोलर पैनल के साथ जल निगम के इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल कार्य भी किया जाता है । वर्तमान में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कौशांबी देवरिया मिजार्पुर रायबरेली जिले में कार्य प्रगति पर है । इस मौके पर राजेश शुक्ल केपी तिवारी सुमित मिश्र अरुण कुमार मिश्र शासकीय अधिवक्ता के साथ कंपनी की पूरी टीम उपस्थित रही।

सुंदरकांड पारायण व सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंत्र मुग्ध रहे श्रोता लोग

करछना। भाजपा युवा मोर्चा मंडल भडेवरा के मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय के संयोजकत्व में सावन मास के आखिरी सोमवार की रात्रि में भडेवरा बाजार में जनकल्याण हेतु सुंदरकांड पाठ का सामूहिक रूप से पारायण किया गया । वहीं देर रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में गायक कलाकार के रूप में मौजूद रहे कमला शंकर शुक्ल व विष्णु पांडेय तथा राजेश शुक्ल की ओर से वाद्य यंत्रों पर भजन संध्या की प्रस्तुतियां भी हुई । जिसमें श्रोता लोग मंत्र मुग्ध रहे ।वही कार्यक्रम की समाप्ति पर भाजपा युवा मोर्चा भडेवरा मंडल के अध्यक्ष विकास पांडेय की ओर से सभी कलाकारों को अंगवस्त्रम भेट कर सम्मानित करते हुए सभी के प्रति आभार भी जताया। इस मौके पर कृष्णकांत पांडेय आद्या प्रसाद शुक्ल उमाकांत पाण्डेय देवी प्रसाद मिश्र राकेश कुमार पांडेय आशुतोष पांडेय कपिल तिवारी वेदांत ओझा शरद ओझा छोहारी द्विवेदी राहुल संदीप आयूष तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम को लेकर पीस कमेटी हुई बैठक

मऊआइमा। मऊआइमा थाना परिसर में आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व को मद्देनजर रखते हुए मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक हुई।जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों ने लिया। मऊआइमा थाना परिसर में मंगलवार को शाम के समय आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एंव चेहललुम पर्व को मद्देनजर रखते हुए पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। जिसमें मऊआइमा थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने आए हुए लोगों को त्योहारों को अमन चैन से मनाने की अपील करते हुए। सौहार्द के माहौल में पर्वो को मनाने की बात कही। बैठक में कहा गया कि यदि कहीं कोई बात हो तो पुलिस को तत्काल सूचना दें। जन्माष्टमी के दूसरे दिन मेले का आयोजन बांकाजलालपुर, पक्का तालाब, हरिसेनगंज, कंचनपुर, आदि में मेले के आयोजन में पुलिस बल तैनाती की बात कही। पीस कमेटी में ग्राम प्रधान वारिस अली, अमजद हुसैन, चन्द्रसेन यादव, राम आसरे बाबा, संतोष यादव, लल्लन, सन्ने, अशोक कुमार उर्फ गुड्डू, आदि ग्राम प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

छात्र की हत्या के बाद बवाल, भीड़ ने थाने का घेराव कर किया पथराव

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर 10वीं के छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बीच सड़क पर घेरकर उसे पटरे से तब तक पीटा, जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। वह आधे घंटे सड़क पर तड़पता रहा। पास में जमीन पर बदहवास पड़ी बहन सभी से बचाने की मिन्नतें करती रही, लेकिन लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे।किसी ने हमलावरों को रोकने की हिम्मत नहीं जुटाई। थोड़ी देर में छात्र की सांसें थम गईं। वारदात सोमवार दोपहर की खीरी चौराहे की है। हमलावर गैर-समुदाय से होने के कारण हजारों की संख्या में वहां लोग जुट गए हैं। सोमवार देर रात तक प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फिर भीड़ उग्र हो गई। सड़क पर खड़ी एंबुलेंस तोड़ डाली। खीरी थाने का घेराव किया। थाने का मेन गेट तोड़ने की कोशिश की। साथ ही पथराव भी किया है। भीड़ के हमले से कुछ पुलिसवाले घायल हुए हैं।मामले के सांप्रदायिक रंग लेते देख कई थानों की पुलिस और पीएसी मौके पर बुला ली गई है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि सभी आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाया जाए। छात्र का शव उनके सुपुर्द किया जाए। डीएम संजय खत्री परिजनों को दारागंज में अंतिम संस्कार करने को कह रहे हैं, लेकिन परिजन मान नहीं रहे हैं। वहीं, छात्र के हत्यारोपी खीरी ग्राम सभा के प्रधान मोहम्मद यूसुफ समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कई पुलिसकर्मी हुए सस्पेंड, 5 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा : मामले में भारी विरोध और प्रदर्शन के बाद पुलिस ने हत्या के सभी 5 आरोपियों को पकड़ लिया है। इनमें 3 नाबालिग बताए जा रहे हैं। वहीं, कमिश्नर ने लापरवाही में एसओ नवीन कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया है वहीं, पुलिस ने अभी हमलावरों के नाम नहीं बताएं हैं।इससे पहले, सोमवार को हत्या के बाद पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा समेत कई बड़े अफसर मौके पहुंचे। करीब 9 घंटे तक परिजनों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद कमिश्नर ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

स्कूल बंद होने पर बहन-भाई घर जा रहे थे : मृतक छात्र का नाम सत्यम शर्मा (16) है। वह पुरादलू गांव का रहने वाला था। सत्यम परमानंद इंटर कॉलेज में 10वीं में पढ़ता था। उसके चाचा की बेटी भी इसी स्कूल में 10वीं में पढ़ती है। बहन ने बताया, "सोमवार को स्कूल बंद होने पर हम दोनों घर जा रहे थे। जैसी ही तुर्कपुरवा मोहल्ले में पहुंचे कि तभी इसी गांव के और हमारे स्कूल में पढ़ने वाले गैर-समुदाय के छात्रों ने हमारा हाथ पकड़ लिया। हमें खींचने का प्रयास करने लगे।छात्रा ने कहा, "मैं चिल्लाई तो भाई सत्यम गैर-समुदाय के मनचलों से भिड़ गया। इसके बाद सत्यम पर सभी हमलावर हो गए। पटरे से उसे तब तक मारा जब तक वह जमीन पर गिर नहीं गया। वह लहूलुहान हो गया था। मैं चिल्लाती रही, पर कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले।छात्रा ने कहा- सत्यम सड़क पर पड़ा तड़पता रहा और मैं असहाय खड़ी चीखती रही। सूचना पर परिजन भी थोड़ी देर में पहुंच गए। सत्यम को लेकर प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय लेकर भागे। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सम्भव जन-सुनवाई में नगर आयुक्त ने सुनी 54 शिकायतें

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण किये जाने में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान, महाप्रबन्धक जलकल कुमार गौरव, सहायक नगर आयुक्त अखिलेश त्रिपाठी, जन सम्पर्क अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी मदन गोपाल, संजय ममगई, अमरजीत यादव, दिलीप श्रीवास्तव, आर0पी0 श्रीवास्तव, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, सहायक अभियन्ता स्वनिल जैन, लेखाधिकारी तथा सचिव नगर आयुक्त, सूर्य शंकर त्रिपाठी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

34 वीं त्रीदिवसीय प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

नैनी। नैनी विद्या भारती की 34 वीं त्रीदिवसीय प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता समापन के अवसर पर मंगलवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी का जन्म दिवस है इस दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है आज कार्यक्रम का समापन की घोषणा यशपाल सिंह इंस्पेक्टर कोतवाली नैनी, शेषधर द्विवेदी प्रदेश निरीक्षक काशी प्रांत, विजय उपाध्याय शिशु वाटिका प्रमुख, सुरेंद्र सिंह उप निरीक्षक नैनी ने की कइन टीम खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम निम्नवत हैं खो खो अंडर 14 भैया एवं बहिनों दोनों में सरस्वती विद्या मंदिर सुल्तानपुर अंडर 17 भैया में रानी रेवती देवी प्रयागराज अंडर 19 भैया एवं बहिनों दोनों में सरस्वती विद्या मंदिर सुल्तानपुर की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया कबैडमिंटन की प्रतिस्पर्धा में अंडर 14 भइयाओं में ज्वाला देवी गंगा पुरी, बहिनों में ज्वाला देवी ममफोर्डगंज अंडर 17 भैया में रानी रेवती देवी, बहिनों में माधव ज्ञान केंद्र, अंडर-19 भैया में शास्त्रीय नगर एवं बहनों में रानी रेवती देवी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया कबड्डी अंडर 14 भाइयों तथा बहिनों में माधव ज्ञान केंद्र ने तथा अंडर 17 भैया में माधव ज्ञान केंद्र तथा बहिनों में ज्वाला देवी ममफोर्डगंज अंडर 19 भैया में ज्वाला देवी सिविल लाइन तथा बहिनों में विवेकानंद विद्या मंदिर शक्तिनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया के छात्रों क इस कार्यक्रम में डॉ राम मनोहर संगठन मंत्री विद्या भारती काशी प्रांत, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी, प्रांतीय शारीरिक प्रमुख अजीत सिंह, संकुल प्रमुख श्री दिग्विजय पाल , विमलचंद दुबे, संतोष तिवारी, विजय कुमार मौर्य, भूपेंद्र सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

ट्रेन में सफर कर रही युवती का हुआ प्रसव

नैनी। नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन पर संघमित्रा एकसप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही एक युवती का प्रसव कराया गया। उसने एक स्वस्थ बेटे कोी जन्म दिया। बिहार के बेगूसराय जिले के थाना तेहगंज के गौरा गांव की रहने वाले पुष्पा देवी पत्नी राजीव कुमार बंगलुरू से दानापुर जाने के लिए संघमित्रा एक्सप्रेस में यात्रा कर रही थी। ट्रेन जब मानिकपुर रेलवे स्टेशन से आगे के लिए रवाना हुई तो पुष्पा का प्रसव पीड़ा बढ़ गया। इसकी सूचना कोच अटेंडेंट को दी गई तो उन्होंने प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन पर तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कराए जाने की बात कही। ट्रेन के छिवकी स्टेशन पर पहुंचते ही गर्भवती को तत्काल मेडिकल सुविधा मुहेया कराया गया। उसका प्रसव कराया गया, जहा गर्भवती ने बेटे को जन्म दिया।

प्रारम्भिक बाल्यावस्था पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता : विष्णु मिश्रा

प्रयागराज। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग तथा बेसिक शिक्षा विभाग में समन्वय स्थापित करने, स्वास्थ्य , स्वच्छता, एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय प्रतिभागिता के दृष्टिगत आज प्रा 0वि0 दासापुर, प्रा0वि0पीथीपुर में आंगनवाड़ी में नामांकित बच्चों की माताओ का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस अवसर पर ए. आर पी विष्णु कुमार मिश्र ने कहा कि बच्चों के 85प्रतिशत मस्तिष्क का विकास 6 वर्ष की आयु के पूर्व हो जाता है। मूलभूत साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमें 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। पहल वार्षिक गतिविधि कैलेंडर की 52 सप्ताह थीम पर भी चर्चा की गई ।आंगनबाड़ी कार्यकत्री ,सहायिका चंद्रावती कुसुम, शोभा देवी सुनीता ने स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी केदो पर चल रही योजनाओं से सभी को अवगत कराया एवं शिक्षक स्नेहलता , आनन्द ने कहा कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य निर्माण की प्रथम सीढ़ी है। यह वही समय है जब बच्चों के अंदर अच्छे संस्कारों का बीजा रोपण किया जा सकता है,सीमा देवी, चन्द्र देव आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

बडे. व्यवसायिक भवनों के टैक्स का फील्ड में परीक्षण

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज द्वारा वर्तमान में चल रही कर निस्तारण कार्यवाही में बड़े व्यवसायिक भवनों का यथोचित टैक्स लगाये जाने के सम्बन्ध में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी को निर्देशित किया गया है। जिससे निगम की वार्षिक आय में बढ़ोत्तरी करते हुए शासन के मंशा के अनुरूप नगर निगम को आर्थिक रूप से संबलित किया जा सके। नगर आयुक्त के उपरोक्त आदेश के क्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की टीम में टैक्स कन्सल्टेन्ट राजस्व निरीक्षक तथा कर सहायक सम्मिलित थे। नगर क्षेत्र के व्यस्ततम कामर्शियल क्षेत्रों में बड़े व्यवसायिक भवनों पर लगाये गये कर के दृष्टि से ऑन स्पॉट परीक्षण की कार्यवाही आरम्भ कर दी गयी है। ऑन स्पॉट परीक्षण की कार्यवायी में विगत सप्ताह जोन-2 मुटठीगंज में कुल 9 बड़े व्यवसायिक भवनों की जॉच में पाया गया कि सभी भवनों में मूल्यांकन वास्तविक्ता से काफी कम था। इसी प्रकार खुल्दाबाद के 01 बड़े व्यवसायिक भवन में भी भवन का मूल्यांकन वास्तविक्ता से कम पाया गया। उक्त क्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा सम्बन्धित जोन के कर अधीक्षक को लिखित रूप से प्रश्नगत भवनों के फोटोग्राफ एवं निरीक्षण रिपोर्ट के साथ भेजते हुए एक नियमानुसार सप्ताह के अन्दर कर निर्धारण प्रस्ताव मॉगा गया है।

सनातन धर्म को किया जायेगा और मजबूत : कौशल्या नंद गिरि

प्रयागराज। श्रीविश्वनाथ ज्योति ब्राह्मण समिति वाराणसी की ओर से उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और उप्र किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी महराज (टीना मा) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किन्नर संत और श्रद्धालुओं ने भव्य शोभायात्रा बैण्ड बाजा और डमरू के साथ निकालकर आज बाबा विश्वनाथ का विधि विधान से अभिषेक और पूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किन्नर संत और श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ की जय और हर - हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा। महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि इस बार सावन के प्रत्येक सोमवार को किन्नर संतो ने भगवान महादेव का विधि विधान से अभिषेक और पूजन कर विश्व कल्याण, लोगों की उन्नति, शांति और समृद्धि की कामना किया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई असुरी शक्तियों को देखते हुए किन्नर संत,

किन्नर संतो ने निकाली भव्य शोभायात्रा, बाबा विश्वनाथ का किया अभिषेक, पूजन

महात्मा और शिष्य सनातन को और मजबूत करने, उसके प्रचार प्रसार पर ज्यादा जोर दें रहे हैं। महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को अपने देवी-देवताओं और महापुरुषों के बारे में विस्तार से जानकारी देनी है जिससे कि वह गुमराह न हो और सनातन धर्म को मजबूत करें। शोभायात्रा और पूजन में समिति के संयोजक राम आसरे पाण्डेय,अध्यक्ष संजय पाण्डेय, महामंत्री विजय पाण्डेय, किन्नर अखाड़े की श्रीमहंत संजनानंद गिरि, नैना, शोभा, मनीषा, आशा, सविता, शिवानी, आचार्य सत्यम महराज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अंत में सभी ने महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी का पांव छूकर आशीर्वाद लिया और अपने घरों को प्रस्थान किया।

हंडिया पुलिस द्वारा एक हिस्ट्रीशीटर को 5 अदद नाजायज जिंदा देशी बम के साथ किया गिरफ्तार

हंडिया। जनपद प्रयागराज के थाना हंडिया पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को 5 अदद देशी अवैध बम के साथ किया गिरफ्तार। पुलिस ने बताया की 28 अगस्त 2023 को लगभग शाम के 7 बजे के आस पास पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बिलारी तिराहे के पास से एक नफर अभियुक्त राम मिलन पुत्र स्व हीरालाल निवासी ग्राम मनोहर पुर पोस्ट रामनगर थाना कोइरौना जनपद भदोही को 5 अदद अवैध देशी बम के साथ हिरासत मे लिया। मुकदमा संख्या 503/2023 धारा 4 / 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाई कर रहे है। अभियुक्त राम मिलन जनपद भदोही का एक हिस्ट्रीशीटर है। बता दे की उच्च अधिकारियों से प्राप्त निदेर्शों के आधार पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार दुबे के नेतृत्व मे उ०प० निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा चेकिंग कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति पुलिस को देख इधर उधर भागने लगा जब उसे हिरासत मे लेकर उसकी तलाशी ली गई तो वह व्यक्ति 5 अदद देशी अवैध बम लिया हुआ था इसलिए वह पुलिस को देख कर भाग रहा था। अभियुक्त ने बताया की जब कोई अकेला व्यक्ति दिखता है तो बम फेककर उसको डरा कर दहशत फैलाता हु और उसके समान को ले लेता हु। जब पुलिस ने पूछा की इसका लाइसेंस तुम्हारे पास है तब उसने कहा नही इसका मेरे पास कोई लाइसेंस नही।

ट्रैक्टर पलटा, चालक की हुई मौत

सहसों। सीमेंटेड ईंट उतार कर वापस आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से चालक की मौत हो गई। जानकारी होते ही चालक के परिजनों में कोहराम मच गया। थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर गांव के सामने सोमवार की रात लगभग 8 बजे फूलपुर की तरफ से आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे गंभीर रूप से घायल चालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश यादव 56 वर्ष पुत्र रिखीराम यादव निवासी शेरडीह, थाना झूसी ने रहिमापुर से इंटरलॉकिंग सीमेंट की ईट लादकर मछली शहर जौनपुर गया था। वहां से वापस लौटते समय थानापुर गांव के सामने डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। जिससे गंभीर रूप से घायल चालक अचेत हो गया। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने तत्काल इलाज के लिए प्रयागराज भिजवाया जहां पर डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद लाश घर पहुंचने पर परिजनों सहित अन्य शोकाकुल लोगों में रोना पीटना मच गया।

मेजा में नकदी समेत लाखों की चोरी

मेजा। मेजा खास में गत दिवस नकदी समेत लाखों की चोरी के मामले में मेजा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।मिली जानकारी के अनुसार मेजा खास निवासी दयाशंकर प्रजापति पुत्र सीता राम प्रजापति गत 21 अगस्त शाम को अपने परिवार के साथ घर पर ही था। शाम का भोजन कर अपने परिवार के साथ सो गया था। रात लगभग 2.30 बजे उसकी नींद खुली तो गर्मी से निजात पाने हेतु अपने छत पर टहलने गया तो देखा कि उसके मकान का पीछे का दरवाजा खुला है। उसने नीचे आकर देखा तो दंग रह गया। क्योंकि घर में चोरी हो चुकी थी ।पीड़ित दयाशंकर के घर से लगभग तीन लाख का आभुषण जैसे की सोने की सकरी -1, अंगूठी-2, माथवेर्दी-1, झुमका-1, नथुनी-3, पुल्ली -3, करधन-2, पेटी-1 एवं लच्छा 15 और 7000 रु0 नगद चोरी हुआ है। पीड़ित ने तत्काल 112 नं0 पर डायल कर पुलिस को सूचित किया। मौके पर 112 नम्बर पुलिस पहुंची, पूर्ण ब्यौरा लिया। बताते हैं कि पीड़ित दयाशंकर बहुत ही गरीब व्यक्ति है। उसके तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में जुट गई।

सोने चांदी के अभूषण व नगदी चोरी

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के लोहरमड़िया तेजपुर में खेत में पानी लगाने गयी महिला के घर में घुस कर चोर संदूक तोडकर कर सोने, चांदी के जेवरात और बीस हजार नगदी चोरी कर ले गए। महिला ने गांव के ही एक युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा के लोहरमडैया(तेजपुर)गांव निवासनीय सरला देवी पत्नी मिथलेश कुमार पटेल का आरोप है कि उसका पति पंजाब में रोजी रोटी के सिलसिले में रहता है वह घर पर बच्चों के साथ रहती है। सरला देवी का आरोप है कि वह रात में धान के खेत में पानी लगाने गयी थी। तभी गांव का युवक उसके घर में घुस कर बक्सा तोडकर सोने, चांदी के जेवरात और बीस हजार नगदी चोरी कर ले गया। सरला देवी का आरोप है कि उक्त युवक इसके पूर्व भी चोरी का प्रयास कर चुका है। सरला देवी ने मऊआइमा थाने में गांव के प्रमोद कुमार पुत्र अमर बहादुर पटेल को नामजद करते हुए चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महंगाई व सूखा के चलते फीका रहा औंता महावीर का मेला

मेजा। कभी क्षेत्र का ऐतिहासिक मेला कहे जाने वाला औंता महावीर का मेला जहां बढ़ती आबादी के चलते सिकुड़ता जा रहा है,वहीं इस वर्ष का मंगलवार को मेला महंगाई और सूखे की भेंट चढ़ गया ।एक समय था कि रामनगर दिघिया मार्ग को मेला के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा अवरुद्ध कर दिया जाता था ।आज हालत यह है कि दुकानें तो हैं लेकिन ग्राहक नदारद हैं ।वहां बेखौफ फरार्टा भर कर जा रहे हैं ।इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मेले में भीड़ कैसी हो सकती है ।जिला परिषद इंटर कालेज के प्रवक्ता अभयशंकर मिश्र कहते हैं कि ज्यादा नहीं एक दशक पहले मेले की रौनक देखते बनती थी ।वह भी मानते हैं कि बढ़ती आबादी के कारण मेला सिकुड़ता जा रहा है और इस वर्ष मंहगाई और सुखा ने तो मेले की रौनक ही बिगाड़ कर रख दी ।दुकानदार बताते हैं कि आज का मेला बहुत ही खराब रहा। भर्ती निकालना मुश्किल हो रहा है ।मंदिर के पास लगाने वाली भीड़ भी गायब रही ।सुरक्षा की दृष्टि से भ्रमण करने वाले पुलिस भी आज शांति दे मंदिर के पास डेरा जमाए बैठे रहे ।मंदिर के पुजारी तो दोपहर बाद अपने चेले के पास चले गए ।मेला लगाने की परंपरा के बारे में प्रवक्ता अभयशंकर मिश्र बताते हैं कि किवदंती है कि प्राचीन काल में चरवाहा अपनी भैंसो को चारा रहे थे,जिसमे एक भैंस पानी में लोटकर वापस आ रही तो चरवाहों ने देखा की पानी कहीं नहीं है फिर भैंस को मिट्टी लगी कैसी ।सभी चरवाहा उत्सुकता बस उस स्थान पर गए तो देखा कि थोड़ा पानी है ।उसे खोदने लगे तो आवाज आई ।उसे और खोदना शुरू किया तो देखा कि पत्थर की हनुमान जी की पूर्ति दिखी तो गांव में आग की तरह खबर फेल गई और गांव के लोग वहीं पर हनुमान जी को स्थापित कर पूजा करना शुरू कर दिया और आज देश विदेश में औंता महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुआ ।उनके नाम से असंख्य गाने और कई भोजपुरी फिल्म बनी हैं ।फिलहाल मेला खट्टी मीठी यादों के साथ शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

खट्टी मीठी यादों के साथ शांति पूर्ण ढंग से मेला संपन्न

औता महावीर हनुमान मन्दिर में दर्शन के लिए उमड़े भक्त

सिरसा। प्रयागराज बुढ़वा मंगल औता हनुमान मंदिरों पर दर्शन-पूजन के लिए भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर कई मंदिरों पर मेले का आयोजन भी किया गया। उरुवा ब्लाक अंतर्गत औता महावीर धाम पर बुढ़वा मंगल के मौके पर आयोजित मेले में भारी भीड़ उमड़ी। इससे पूर्व, सुबह से ही मंदिरों पर दर्शन-पूजन करने वालों की कतार लग गई थी। सावन के अंतिम मंगलवार को बुढ़वा मंगल के रूप में मनाया जाता है। इस दिन परंपरागत ढंग से दर्शन-पूजन के बाद मेले का आयोजन किया जाता है ।औता महावीर धाम पर आयोजित मेले में सुबह सात बजे से ही भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। सर्कस, झूला और जादूगर के अलावा मिठाई और खेल-खिलौनों की दूकानों पर भारी भीड़ रही। सुबह मंदिर में हनुमान जी के दर्शन-पूजन के बाद ही लोग मेला भ्रमण करने लगे। मेले में महिलाओं और बच्चों की भीड़ काफी ज्यादा दिखी। बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह डिगा नहीं और पूरे दिन लोग मेला देखने के लिए पहुंचते रहे। चकवा मेला के निमित्त स्थानीय अवकाश घोषित होने के कारण जिलेभर से लोग मेला देखने पहुंचे थे। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए थे। मंदिर में दर्शन कराने से लेकर मेले में भीड़ को नियंत्रित करने तक के कार्य के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहे। महिला पुलिस भी मेले में चक्रमण करती रही। सावन के आखिरी मंगलवार को औता महावीर धाम पर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मेला देखने पहुंचे थे। बुढ़वा मंगल का उल्लास ग्रामीण क्षेत्रों में भी खूब दिखा। सावन माह के आखिरी मंगलवार को मेजा क्षेत्र के औता गांव स्थित ऐतिहासिक औता हनुमान मंदिर पर पवनसुत हनुमान के दर्शन पूजन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।

न्यूज झरोखा

लायंस क्लब इंटरनेशनल ने वीर जवानों के लिए मिठाई व राखी भेजी

प्रयागराज। लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 321 के तहत प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे पर प्रयागराज के 26 लायंस क्लबो के द्वारा लायंस रक्षा राखी संदेश कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में सभी क्लबो ने देश के सीमा पर अपनी सेवाएं दे रहे वीर जवानों के लिए अपनी श्रद्धा अनुसार मिठाई व राखी भेजी गई। इस इस आयोजन में लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल द्वारा 6 किलो मिठाई एवं 300 राखियां देश के वीर जवानों के लिए भेजा गया। इस आयोजन पर आमंत्रित नगर के रेड ईगल बटालियन के करनाल कर्नल एवं जवानों को लायंस क्लब की महिलाओं के द्वारा उनके कलाइयों पर राखियां बांधी गई और मिठाई खिलाई गई और उन्हीं के द्वारा सारी राखियां व मिठाइयां देश के जवानों को भेजने के लिए सौपी गई। इस अवसर पर क्लब के गवर्नर जे एन श्रीवास्तव एवं क्लब के तमाम पदाधिकारी गण महिलाएं एवं सामान्य लोग लायंस क्लब रॉयल के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्र सचिव संत कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष सरनाथ प्रजापति निदेशक डॉक्टर संतोष कुमार यादव ग्रुप एडमिन रवि भूषण गुप्ता सरिता पटेल सुधा गुप्ता अल्पना वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

राजा भैया के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले सपा नेता रिहा

24 घंटे पहले हुई थी गिरफ्तारी, डकैती मामले में गुलशन यादव के खिलाफ जारी हुआ था वारंट

प्रयागराज। मंगलवार को सपा के नेता गुलशन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। कुंडा पुलिस ने विजय प्रताप सिंह से जुड़े मामले में गुलशन यादव की गिरफ्तारी की थी। उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। वहीं गुलशन यादव रिहा कर दिया गया है। 50 हजार रुपए के पर्सनल बांड पर सीजेएम मनोज कुमार के कोर्ट से रिहाई मिली है। गुलशन यादव के जमानत पर रिहा किए जाने पर सपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है। पिछले विधानसभा चुनाव 2022 में गुलशन यादव ने कुंडा से रघुवंश प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ चुनाव लड़ा था ।बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान साहलपुर जमेठी गांव में मारपीट और डकैती समेत के गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। गुलशन यादव का छोटा भाई सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष छविनाथ यादव को कई अपराधिक मामले को लेकर कुछ महीने पहले ही गिरफ्तार कर के जेल भेजा जा चुका है।

स्लम बच्चियों ने आईजी को बांधी राखी

प्रयागराज। विशाल संकल्प संस्था के तत्वावधान में स्लम बच्चियों ने आई जी श्री चंद्र प्रकाश को बांधी राखी बांध कर रक्षाबंधन पर्व मनाया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी,स्लम बस्ती की बच्चियों ने अपने हाथों से ईको फ्रेंडली राखियां बनाई और बॉर्डर पर सैनिकों को भेजी। आई जी चंद्र प्रकाश जी व पुलिस भाइयों को बच्चों ने राखी बांधी,रक्षाबंधन मात्र त्योहार नही समाज के हाशिये में जीने वाले इन बच्चों के लिये उम्मीद और विश्वास है ।पुलिस भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर इन बच्चियों को भरोसा होता है कि सुरक्षा मेरी पहुँच में है ।आई जी साहब ने बच्चों को पढ़ने के लिये प्रेरित किया और संस्था के कार्यों को सराहा भी ।उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल गये ।विशाल संकल्प संस्था के माध्यम से इन बच्चियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की विशेष कोशिश की जा रही है ।अब तक लगभग तीन सौ से ज्यादा बच्चियां प्रभावित हुई है।

रामलीला कमेटी का गठन, सुधीर बने सह निर्देशक

मेजा। श्रीरामलीला कमेटी मेजा खास की एक आवश्यक बैठक संरक्षक लालजी मिश्र की अध्यक्षता में हुई,जिसमें हर साल होने वाले बाबा बोलन नाथ धाम मेला के विषय में चर्चा हुई ।इस वर्ष बोलन मेला आगामी 24 व 25 सितंबर को सकुशल संपन्न कराने पर भी विचार विमर्श किया गया ।बैठक में कमेटी का विस्तार करते हुए दशकंधर का अभिनय करने वाले मुख्य कलाकार सुधीर गुप्ता को सर्व सम्मति से सह निर्देशक बनाया गया। बैठक में अध्यक्ष अमित कुमार यादव, जगीलाल गुप्ता, चंद्रप्रकाश, मनीष श्रीवास्तव, राहुल मिश्र, सुनील शर्मा, नरेंद्र सिंह, संजीव, संदीप, अंकित गुप्ता, एस बी सिंह, नेहरूलाल सिंह और तौलन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

2 क्लीनिक व 1 अल्ट्रा साउंड सेंटर सील

प्रयागराज। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को अलग अलग क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया। इसमें 2 क्लीनिक और एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय के निर्देशन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (पंजीकरण) डॉ. तीरथ लाल द्वारा रामनगर में संचालित सत्तार क्लीनिक पर छापेमारी किया गया। सत्तार क्लीनिक का संचालन बिना पंजीकरण कराए हो रहा था। इसकी शिकायत भी विभाग को कई बार मिल चुकी थी। इसी क्रम में आज छापेमारी की कार्रवाई की गई। इस क्लीनिक को तत्काल सील कर दिया गया ।इसी क्लीनिक से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक अन्य क्लीनिक संचालित हो रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखते हुए उसका संचालक वहां से भाग निकला। टीम के वहां पहुंचने पर पर्याप्त मात्रा में एलोपैथिक दवाएं, गाज पट्टी तथा डिस्पोजल सिरींज पाए गए। इसी आधार पर क्लीनिक को सील कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने सभी निजी अस्पताल व क्लीनिक संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि पंजीकरण पैनल में जिस भी चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ का नाम उल्लेखित किया गया है उनके अलावा यदि कोई भी अस्पताल में कार्य करता पाया गया तो उस अस्पताल या क्लीनिक का पंजीकरण निलंबित कर दिया जाएगा। इसी तरह कोरांव क्षेत्र में संचालित भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर का भी निरीक्षण किया गया, यहां कोई भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं मौजूद थे। इसी सील करते हुए पंजीकरण संबंधित मूल प्रति जब्त कर ली गई है।

मेजर ध्यानचंद्र के जन्म दिवस पर न्यू एंजिल्स स्कूल में हुई खेल प्रतियोगिता

स्टाफ व छात्राओं को दिलाई गई शपथ

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद्र के जन्म दिवस के अवसर पर न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, कटरा रोड प्रतापगढ़ में सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ के आदेश के क्रम में प्रधानाचार्य बी के सोनी के कुशल निर्देशन में विवेक ओझा के द्वारा समस्त छात्राओं को एवं स्टाफ को शपथ दिलाई गई।

इस दौरान न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की प्रबंधिका डॉ शाहिदा द्वारा दो दिवसीय खेल का शुभारम्भ किया गया, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से कक्षा 6, 7, 8, और 9 के अचीवर हाउस, बिलीवर हाउस, कान्करर हाउस, और चैलेन्जर हाउस में बैडमिन्टन सिंगल ऑर डबल वालीबाल और कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं का समापन और पुरस्कार वितरण बुधवार को किया जाएगा।

न्यू एंजिल्स स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागीगण।

राष्ट्रीय कबडडी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ, अयोध्या ने जीता उदघाटन मैच

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। अन्तर्जनपदीय कबडडी प्रतियोगिता के उदघाटन मैच में अयोध्या की टीम ने मऊ की टीम को सात अंको से पराजित कर उदघाटन मैच अपने नाम करने में सफलता ली। सांगीपुर के कटरा बूबूपुर गांव में राष्ट्रीय कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। मंगलवार को उदघाटन मैच मऊ व अयोध्या टीमों के बीच खेला गया।

अयोध्या की टीम ने सात अंको से मऊ की टीम को शिकस्त दी। इसके पूर्व उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि अशोकधर दुबे ने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होने खिलाडियो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल के जरिए हमारी एकता और सदभावना को भी ताकत मिलती है। इस मौके पर बबन पाण्डेय, रामशरन शुक्ल, राजू मिश्रा, रिंकू सिंह परिहार, कुंवर बहादुर सिंह काका आदि रहे। प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ समेत सुल्तानपुर, अमेठी, अयोध्या, मऊ, प्रयागराज, कौशाम्बी, रायबरेली आदि जिलों से बयालिस टीमों ने प्रतिभाग के लिए नामांकन कराया है।

सपा के कार्यवाहक अध्यक्ष गुलशन यादव गिरतार

विधान सभा चुनाव में मारपीट व छिनैती के मुकदमे में हुआ था एनबीडब्ल्यू

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पंचायत कुण्डा के पूर्व चेयरमैन तथा समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष को आज प्रयागराज में गिरफ्तार कर लिया गया, जहां से उन्हें प्रतापगढ़ सीजेएम न्यायालय ले आया गया।

बता दें कि पिछले विधान सभा चुनाव में साहिबापुर गांव के विजय प्रताप सिंह से मारपीट व छिनैती के एक मामले में गुलषन यादव वांछित थे। उन पर गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) वारंट जारी हुआ था। इसके तहत उन्हें प्रयागराज में गिरफ्तार किया गया। गुलषन यादव पर और भी कई मामले दर्ज हैं। न्यायालय में गुलषन यादव के पहुंचने पर सपा के जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनीष पाल, विधान सभा अध्यक्ष राम बहादुर पटेल भी गुलषन यादव से मिलने पहुंचे थे। गुलषन यादव को सीजेएम न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया।

गुलशन यादव को सीजेएम कोर्ट ले जाती पुलिस।

दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर खुशी लाना ही हम सब का कर्तव्य

एलायंस क्लब ने दिव्यांग बच्चों संग मनाया राखी का त्यौहार एवं दिए उपहार

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा गतवर्ष की भर्ती इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर दिव्यांग बच्चों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के पदाधिकारी एंव क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी में पहुंचकर दिव्यांग बच्चों को क्लब की महिलाओं ने राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि क्लब हर वर्ष दिव्यांग बच्चों के साथ राखी का त्यौहार मना रहा है उसी क्रम में आज भी इन दिव्यांग बच्चों को कोई कमी न महसूस हो इस लिए सभी दिव्यांग बच्चों को राखी बांधकर विभिन्न प्रकार के उपहार भी दिए गए। रक्षाबंधन का त्यौहार मना कर बच्चों के चेहरे पर खुशी लाना ही क्लब का उद्देश्य है। महिला क्लब की नॉर्थ जोन की एडवाइजर पूनम गुप्ता ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को कभी कोई कमी ना हो इसके लिए क्लब सदा तत्पर्य रहेगा। आभार ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश चैधरी ने किया। इस अवसर पर श्री नारायण, अनिरुद्ध तिवारी, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, अर्चना खंडेलवाल, सुनीता तिवारी, सपना गुप्ता, अनामिका केसरवानी, पिंकी गुप्ता, अशोक कुमारी, अंजू तिवारी, सुधा अग्रवाल, संतोष कुमार, देवानंद, शिवेश शुक्ला, छेदीलाल, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार, आदर्श कुमार आदि ने बच्चों के साथ राखी का त्यौहार मनाया।

सामूहिक सुन्दरकाण्ड व भजन संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु, जन कल्याण की हुई कामना

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के दीवानी वार्ड में स्थित नगर पंचायत के नव निर्मित कार्यालय में मंगलवार को जन कल्याण की कामना को लेकर सामूहिक सुंदरकाण्ड तथा भजन संकीर्तन का आयोजन हुआ। आध्यात्मिक कार्यक्रम में नगर के व्यापारियों अधिवक्ताओं तथा सभासदों व आम लोगों की उत्साहजनक भागीदारी देखी गयी।

चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी तथा प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी एवं ईओ पदमजा मिश्रा के संयोजन में सुंदरकाण्ड को लेकर सामूहिक आरती में शामिल लोगों ने नगर के विकास व सदभावना तथा शांति की मजबूती को लेकर श्रीराम दरबार में प्रार्थना की। सभागार में हुए आयोजन में नगर क्षेत्र की बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने भी भजन संकीर्तन में आध्यात्मिक वातावरण की महक दी। वहीं राजेश शुक्ला के संयोजन में संगीतमयी सुंदरकाण्ड को लेकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। चेयरपर्सन अनीता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विकास तथा सदभावना के पथ पर आगे बढ़ने की सामूहिक शक्ति की भावना मजबूत हुआ करती है। श्रद्धालुओं का ईओ पदमजा तथा निधि एवं प्रतिनिधि संतोष ने रोली तिलक से सम्मान किया। सामूहिक प्रसाद में पंक्तिबद्ध लोगों को प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल, बृजेश द्विवेदी, पन्ने लाल पाल, अनिकेत दुबे, विकास पाण्डेय, राकेश तिवारी गुडडू, सोनू शुक्ला, आशीष जायसवाल, विकास तिवारी, छोटे लाल सरोज, जगदीश नारायण तिवारी बबलू, रमाशंकर पाण्डेय, शास्त्री सौरभ, कुबेरपति मिश्र, रमाशंकर तिवारी, अरविंद मिश्र, कौशिल्या श्रीवास्तव, धर्मपाल कोरी, रावेन्द्र मिश्र आदि रहे।

क्वाडिनेटर प्रभारी सरदार मंजीत सिंह को किया गया सम्मानित

गोंदिया पहुंचने पर कमेटीजनों ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सरदार मंजीत सिंह गोबिंद को पंजाबी टीवी चैनल चरदीकला टाइम टीवी पर प्रसारित होने वाले गुरमत क्विज शो आओ बनिए गुरसिख प्यारा का छतीसगढ़ व महाराष्ट्र का सेलेक्संन टेस्ट कराने के लिए क्वाडिनेटर प्रभार देकर गोंदिया महाराष्ट्र भेजा। गोंदिया पहुंचने पर जोरदार स्वागत फूल माला और बुके देकर कमेटी जनों ने स्वागत किया।

28 अगस्त को महाराष्ट्र के गोंदिया में सेलेक्सन टेस्ट में कई जिलों दुर्ग, राजनंदगांव, सीवनी, बालाघाट, भिलाई, देवरी, डोंगरगढ़, परसिया, आदि स्थानो के परीक्षाथियो ने टेस्ट अपनी सहभागिता की। अपने साथी सरदार रविंदर सिंह साथ शामिल होकर टेस्ट परीक्षा संपन्न कराई।। टेस्ट संपन्न कराने के बाद आओ बनिए गुरसिख प्यारा व गोंदिया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह ब सार्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गोंदिया की तरफ से सरदार रविंदर सिंह को भी सिरोपा अंग वस्त्र एवम सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कमेटी के सदस्यों के आग्रह पर पुनः ऐसे अयोजन कराने का आश्वासन लिया। इसके पूर्व भी अपने निकटवर्ती जिलों प्रयागराज, सुल्तानपुर, गोंडा, करनैलगंज, बस्ती, गोरखपुर में सेलेक्सन टेस्ट कराके चयनित प्रतिभागियों को टीवी शो तक पहुंचाया। बता दें कि जनपद में अभी तक नौ प्रतिभागी टीवी शो में आ चुके हैं, दो प्रतिभगियो की रिकार्डिंग 12 अगस्त 2023 को हो चुकी है जिसका प्रसारण अक्टूबर या नवम्बर में होगा। इस शो का प्रसारण प्रत्येक रविवार सुबह 10.30 बजे चरदीकला टाइम टीवी पर होता है इस प्रोग्राम में सिक्ख इतिहास, सिक्खों की उपलब्धियों, गुरवाणी, देश की सांस्कृती,एवम सामान्य ज्ञान की प्रश्नोत्तरी होती है।

सरदार मंजीत सिंह का स्वागत करते कमेटी के लोग।

रिश्ते तमाम उम्र निभाया है आपने...

चंद्रदत्त सेनानी की पुण्यतिथि पर हुई काव्य गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के पलटन बाजार में देर रात तक चली काव्य गोष्ठी का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रदत्त सेनानी की पुण्यतिथि कार्यक्रमों की श्रृंखला में द्वितीय चरण में किया गया। इसमें गजेंद्र सिंह विकट ने सुनाया...रिश्ते तमाम उम्र निभाया है आपने, जो भी मिला गले से लगाया है आपने...। हमने माना कि नीम बेर नहीं हो सकती, नेक इरादों की नींव ढेर नहीं हो सकती, दिल में विश्वास हो तो देवता भी मिलते हैं, देर हो सकती है अंधेर नहीं हो सकती...। यह पंक्तियां गीतकार डा. श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने पढ़ीं तो लोग आनंदित हो उठे। सबका स्वागत करते हुए शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने न्यास के सामजिक कार्यों व योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष रामसेवक त्रिपाठी प्रशांत ने अपनी कविताओं से इसकी शुरूआत की। अध्यक्षता करते हुए डा. संगम लाल त्रिपाठी भंवर ने कई गीत सुनाए। विशिष्ट अतिथि डा. शाहिदा रहीं। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत प्रमोद मौर्य, डा. अनिल प्रताप त्रिपाठी रहे। इस मौके पर प्रमोद दुबे, शीतला सुजान, डा. चंद्रकांत चंद्र ने भी कविता सुनाई। वरिष्ठ साहित्यकार डा. दयाराम मौर्य रत्न सहित कई लोगों ने सेनानी जी के बारे में विस्तार से बताया। कल्पना तिवारी व चांदनी दुबे ने नारी सशक्तीकरण पर रचना पढ़ी। डीपी इंसान, हेमंत नंदन ओझा, आनंद मोहन ओझा, साकेत के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने विचार रखे। संयोजन अवधेश मणि त्रिपाठी, सुरेश तिवारी, अशोक श्रीवास्तव व मुनीर अली ने किया।

चंद्रदत्त सेनानी के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी।

संस्कार ग्लोबल स्कूल की छात्राओं ने रक्षाबंधन से दिया राष्ट्रप्रेम का सन्देश

पौधों को तिरंगा राखी बांधकर लिया संरक्षण का संकल्प

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में मंगलवार को छात्राओं ने रक्षाबंधन से राष्ट्र प्रेम का सन्देश दिया। सभी ने देश रक्षा और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। शहर से लेकर गांव तक की दुकानों पर रंग बिरंगी राखियां देखने को मिल रही हैं। भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व संस्कार ग्लोबल स्कूल की छात्राओं ने अनोखे अंदाज में मनाया।

दया पुष्पजीवी और गुंजन सिन्हा की देखरेख में छात्राओं ने तिरंगा राखी बनाई। तिरंगा रंग में बनाई गई राखी को पेड़ पौधों और छात्रों को बांधी। राष्ट्रभक्ति के प्रतीक राखियों को बांधकर राष्ट्र प्रेम और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने छात्र-छात्राओं को देश रक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश मिश्र ने किया। संध्या शुक्ला, तनु वर्मा, वर्षा ओझा, रेनू सिंह, नितिन सिंह, प्रवीण मौर्य आदि मौजूद रहे।

राखी बांधकर संरक्षण का संकल्प लेते छात्रगण।

श्रावण पूर्णिमा पर दीपदानोत्सव व बोधिपूजा कल

प्रतापगढ़। श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर आनापानसति ध्यान साधना व दीपदानोत्सव का कार्यक्रम सुगतानन्द बुद्ध विहार पर 31 अगस्त सायं-5 बजे से आयोजित किया गया है। यह जानकारी देते हुए राकेश कन्नौजिया ने बताया कि दीपदानोत्सव के साथ बोधिपूजा विश्व शांति हेतु विशेष सामूहिक ध्यान साधना,उपोसथ व परित्त सुत्तों का संगायन धम्मानुरागियों द्वारा किया जायेगा।

गवाही देने पर मारपीट करने की दी धमकी, आरोपों की जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। मुकदमें में गवाही न देने का दबाव बनाने को लेकर दबंगों ने पीड़ित को मारने पीटने तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बरेंद गांव निवासी मोहर्रम अली व दसाराम गांव में बनी गोशाला की देखरेख किया करते हैं। मोहर्रम अली ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि गांव में कुछ दिन पूर्व दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमें में वह तथा दसाराम गवाह बनाए गए हैं। आरोप है कि सोमवार को इसी गवाह बनने से चिढ़कर विपक्षी दोपहर गोशाला पहुंचे और दोनों को गवाही देने से मना किया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने यह भी धमकाया कि यदि इसके बावजूद भी गवाही दी तो गोशाला तोडकर मारपीट व दुष्कर्म जैसे मुकदमें में फंसा देंगे। इधर चर्चा यह भी है कि गोशाला के नाम पर आरोपित गांव के चारागाह की चिन्हित जमीन पर अवैध कब्जा किये हुए है। एसओ मनोज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

चिकित्सक पर बेटे की मौत को लेकर लापरवाही का आरोप, एसपी को दी शिकायत

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। पडोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के जिल्ला नूरूददीनपुर निवासी मंहगू के पुत्र त्रिभुवन सोनकर ने जिले के एसपी को प्रार्थना पत्र देकर एक कथित झोलाछाप डाक्टर पर लापरवाही से इलाज को लेकर बेटे की मौत का आरोप लगाया है। पीडित ने एसपी को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती पचीस अगस्त को सुबह लगभग सात बजे वह अपने लड़के मनोज कुमार 25 को कमर में दर्द को लेकर इलाज के लिए लालगंज थाना क्षेत्र के भटनी चुर्री चैराहा रिसालपुर नहर के समीप एक क्लीनिक में ले आया।

आरोप है कि वहां मौजूद चिकित्सक ने बेटे के खाली पेट होने के बावजूद दवा खिलाई और इसके तुरन्त बार लगातार चार इंजेक्शन लगाए। पीडित का कहना है कि दवा तथा इंजेक्शन को लेकर उसके बेटे का शरीर नीला पड़ गया। तब डाक्टर ने उसे सीटी स्कैन कराने के बहाने रेफर कर दिया। इसके बाद पीड़ित अपने लड़के को रायबरेली के एक अस्पताल में ले गया। वहां डाक्टरों ने उसे रायबरेली के एम्स के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित के मुताबिक एम्स के गेट पर पहुंचने के पहले ही उसके बेटे की मौत हो गयी। रायबरेली में उसके मृतक बेटे का पीएम कराया गया। पीडित ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की गुहार की है।

बाइक अनियंत्रित होने से तीन चुटहिल, एक रेफर

लालगंज, प्रतापगढ़। मवेशी बचाने में बाइक अनियंत्रित होने से दुर्घटना में तीन घायल हो गये। एक को गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पटटी तहसील के खालसा दिलीपपुर निवासी मेवालाल का पुत्र चंद्रपाल 45 अपने साथी गंगागंज निवासी रामकेवल शर्मा के पुत्र भोला शर्मा 50 के साथ मंगलवार को लालगंज तहसील के सांगीपुर में किसी कार्य से जा रहे थे। लीलापुर थाना के गहिरी मोड़ के समीप नेशनल हाइवे पर अचानक मवेशी बचाने के चक्कर में दोपहर साढ़े बारह बजे बाइक अनियंत्रित हो गयी। अनियंत्रित बाइक हाइवे किनारे खड़े लिलहा रानीगंज निवासी रामकुमार 45 से जा टकरायी। दुर्घटना में तीनों घायल हो गये।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर ग्राम कन्धईमधुपुर में लाखों के स्टाम्प की चोरी पकड़ी

प्राथमिक विद्यालय चिलबिला का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की ली जानकारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने तहसील पट्टी के ग्राम कंधई मधुपुर एवं तहसील रानीगंज के रखहा में जमीनों के कराये गये 03 बड़े बैनामों की मौके पर पहुॅचकर जांच की गयी। जांच में ग्राम कन्धई मधुपुर में 02 बड़े बैनामों में लाखों के स्टाम्प की चोरी जिलाधिकारी द्वारा पकड़ी गयी।

ग्राम कन्धईमधुपुर में विक्रेता प्रेम नारायन द्वारा विक्रित की गयी भूमि क्रेता शरद कुमार द्विवेदी द्वारा स्टाम्प में कमी पायी गयी व दूसरा बैनामा प्रेम नारायण द्वारा विक्रित की गयी भूमि क्रेता धवल कुमार द्विवेदी को निवासी कन्धई मधुपुर के बैनामें स्टाम्प की कमी पायी गयी। इन क्रेतागणों द्वारा सर्किल रेट से स्टाम्प कम लगाया गया है तथा इनके द्वारा स्टाम्प में घोर अनियमितता की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने सब रजिस्ट्रार पट्टी एवं तहसीलदार पट्टी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने तहसील रानीगंज के ग्राम रखहा में विक्रेता राजेश कुमार द्वारा विक्रित की गयी भूमि क्रेता कविता देवी आदि के बैनामें का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा प्राथमिक विद्यालय चिलबिला का औचक निरीक्षण किया। उन्होने कक्षा में अध्ययनरत बच्चों से पठन-पाठन के सम्बन्ध में जो भी प्रश्न पूछे गये बच्चों द्वारा सही जवाब दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अध्यापक को 500 रुपए देते हुये कहा कि सभी बच्चों को चाकलेट खिलाया जाये। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने अध्यापकों की प्रशंसा की।

भयहरणनाथ धाम में मंगलवार मेला मे श्रद्धालु भक्तों की हुई भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में सावन के आखिरी मंगलवार मेला में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ हुई। परम्परागत मंगलवार मेला होने के नाते आज सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह 10 बजे से मेले मे भक्तो की भीड बढने लगी। पुलिस व कार्यकताओं की उत्तम सुव्यवस्था रही। आज लगभग 25 हजार से अधिक लोगों ने दर्शन पूजन किया। देर शाम तक धाम स्थित श्री राम मंदिर पर सुंदर कांड का पाठ जारी रहा।

यह जानकारी देते हुए धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया कि अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में अधिकृत कार्यकर्ता कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र के संयोजन में अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे। वहीं सुबह से ही अस्थाई पुलिस थाना भयहरणनाथ धाम के प्रभारी अरूण कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस उप निरीक्षक, जवान तथा महिला पुलिस अपनी अपनी जिम्मेदारी में लग गए। मुख्य मन्दिर के पुजारी भोला नाथ तिवारी सहित समस्त मन्दिरों के पुजारी व कर्मचारी अपने अपने मन्दिरों में पूजन कर जनता जनार्दन हेतु मन्दिर के कपाट खोल दिए। देर शाम तक दर्शनार्थी आते रहे और दर्शन करते रहे। भयहरणनाथ धाम की प्रबन्ध समिति के सदस्य प्रभाकर पांडेय साधारण सभा के सदस्य गंगा पांडेय निरंतर पर्यवेक्षण करते रहे तथा मेला प्रबंधक बबन सिंह व उप प्रबंधक राज किशोर मिश्र ने सभी से समन्वय स्थापित किये रहे। भयहरणनाथ धाम कांवरिया संघ के अध्यक्ष रामू तिवारी, उपाध्यक्ष अनिल अग्रहरी, सचिव प्रदीप सिंह, उपसचिव विश्व दीपक त्रिपाठी, लाल चन्द्र जौहर, अकबर अली आदि ने कन्ट्रोल रूम से अपनी सेवाएं सराहनीय सेवाएं दी।

डिग्री कालेज कालाकांकर मे साप्ताहिक राष्ट्रीय खेल दिवस का हुआ आयोजन, प्रतिभागी छात्रों ने लिया भाग

डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज कालाकाँकर में खेलकूद सप्ताह के अन्तर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें खेलकूद सप्ताह के अन्तर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया।

सप्ताह भर चले इस आयोजन में लम्बी कूद, दौड़, वालीबाल, कब्डी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से परास्नातक एवं महाविद्यालय के पुराछात्र अंशुमान मिश्र ने छात्र छात्राओं को योग की शिक्षा एवं लाभ के बारे में बताया इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं का योग एवं खेलों के प्रति उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रो. रामकरन, रमेश गुप्ता, सूरज सिंह, भूपेश सिंह एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह सहित सभी स्टॉफ के साथ कर्मचारी अफसार अहमद अब्दुल रज्जाक आदि लोग उपस्थित रहे।

शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर करें कड़ी कार्यवाही : डीएम

डीएम एवं एसपी द्वारा रक्षा बंधन, चेहल्लुम एवं कृष्ण जन्माष्टमी त्यौहार को सौहर्दपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक की गई

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में रक्षा बंधन, चेहल्लुम एवं कृष्ण जन्माष्टमी त्यौहार को सौहर्दपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक की गयी बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से रक्षा बंधन,चेहल्लुम एवं कृष्ण जन्माष्टमी त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक गई कार्यवाही की जानकारी ली जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि पीस कमेटी की बैठक व जुलूस/झॉकी मार्गों का निरीक्षण कर लिया गया है। आपरेशन दृष्टि के तहत प्रमुख चौराहों स्थानों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगवाया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओ सुझावों को प्राप्त करते हुए कहा कि रक्षा बंधन,चेहल्लुम एवं कृष्ण जन्माष्टमी त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नही होने दी जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियो से कहा कि त्यौहार रजिस्टर का अध्ययन कर आवश्यक कार्यवाही तथा आवश्यकतानुसार निरोधात्मक/पाबन्द की कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को सम्वेदनशील स्थलो पर विशेष निगरानी तथा निरन्तर भ्रमणशील रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परम्परागत कार्यक्रमो को ही अनुमति प्रदान किया जाय तथा डी0जे0 मालिकों को नोटिस जारी कर निर्देशित किया जाय कि निर्धारित ध्वनि से अधिक ध्वनि में डी0जे0 न बजायें। उन्होंने सभी ई0ओ0 को बडे. कार्यक्रमों एवं जुलूस/झॉकी मार्गों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को जे0ई0 की ड्यूटी लगाकर सूची अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जे0ई0 आमजन की फोन अवश्य उठायें। उन्होंने सभी ई0ओ0 एवं डी0पी0आर0ओ0 को कार्यक्रम स्थल तथा जुलूस/झॉकी मार्गों पर अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार चिकित्सकों की ड्यूटी लगाकर सूची अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को गौशालाओं का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारियों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ दुकानों का भ्रमण कर खाद्य पदार्थो का नमूना लेने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय तथा कोई भी गैर परम्परागत कार्यक्रम आयोजित न किया जाय। किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उन्हें या सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/ क्षेत्राधिकारी/ थाना प्रभारी को तत्काल अवगत करायें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पर्याप्त पुलिस बल तैनाती की जायेंगीं। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि कोई भी गैर परम्परागत कार्यक्रम एवं जुलूस/ झॉकी न निकलने पायें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की बिक्री न होने पाये, अवैध शराब की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो प्रभावी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियो को भ्रमणशील रहकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दियें इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सभी उप जिलाधिकारीगण एवं सभी क्षेत्राधिकारी गण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं सम्भ्रान्त नागरिक प्रेम चौधरी, यशपाल केशरी,रमेश पासी, श्रीमती पुष्पा देवी, अमरेश कुमार, बच्चा लाल चौधरी, राम नरेश केशरवानी, जाहिद अब्बास, मोहम्मद नुरुल हसन, अबरार अहमद उर्फ गुड्डू, इमरान अहमद तथा अनीश अहमद उपस्थित रहें।

दो बाइक की भिड़ंत दो लोगो की हालत गंभीर

नारा कौशाम्बी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा रोड पर मंगलवार की शाम सेवकूपुर मोड के पास दो मोटरसाइकिल की आपस में भिड़ंत हो गयी है दुर्घटना के बाद एक मोटरसाइकिल वाला गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला है जबकि दूसरे बाइक सवार दो लोग घायल होकर मौके पर तड़प रहे थे हादसा देखते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई घायल की पहचान शारदा प्रसाद यादव वा हरिलाल लोधी निवासी ग्राम चक कोतवाली मंझनपुर के रूप में हुई है मौके पर पहुंचे लोगों ने ई-रिक्शा की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है जहां उनका इलाज चल रहा है मामले की जानकारी मिलते ही घायलों के परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए हैं।

दिनदहाड़े बदमाशों ने पेट्रोल पंप मालिक समेत कर्मचारियों को पीटकर लूटा

हर्रायपुर कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा स्थित एक पेट्रोल पंप पर मंगलवार दोपहर बदमाशों ने धावा बोल दिया। पंप मालिक समेत कर्मचारियों की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद बदमाश कैशियर से हजारों रुपया लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। रसूलाबाद उर्फ कोइलहा स्थित महिंद्रा आटो सर्विस के नाम से पेट्रोल पंप है। मंगलवार दोपहर मालिक कमलेश यादव कर्मचारियों के साथ पंप पर मौजूद थे। इसी दौरान एक युवक पेट्रोल पंप पर पहुंचा और कैशियर से विवाद करने लगा। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर दोनों को शांत करा दिया। कुछ देर के बाद युवक अपने दर्जन भर साथियों के साथ लाठी-डंडा और लोहे की रॉड पेट्रोल पंप पर पहुंचा और सभी कर्मचारियों की पिटाई करने लगे। बीच बचाव करने पहुंचे पंप मालिक कमलेश को भी जमकर पीट दिया। पिटाई से भवर सिंह, रंजीत, गोपाल, ईशू, कमलेश और मुन्नू को काफी चोटें आई। आरोप है कि पिटाई करने के बाद बदमाश कैशियर का रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पंप मालिक के अनुसार बैग में लगभग 32 हजार रुपया नकदी थी और जाते जाते धमकी दी है कि अगर पुलिस को सूचना दिया तो पंप मे आग लगा देंगे। मालिक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी कैमरा देख घटना की जांच में जुट गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने लिया परेड की सलामी

कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर द्वारा पुलिस लाइन कौशांबी में मंगलवार को परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा डायल-112 की गाडियों का निरीक्षण किया गया अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा समस्त शाखाओं, डीसीआर कार्यालय, डायल-112, बैरक, जिम, कैंटीन,लाइब्रेरी तथा एमटी शाखा का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

दीवार फांदकर लाखों के जेवर नगदी उठा ले गए बेखौफ चोर

हर्रायपुर कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कासिया पूर्व अखाड़ा बाग मूरतगंज से महफूज अहमद पुत्र महबूब के घर बीती रात दीवार फनकार कर घर के भीतर चोर घुसे और घर के कमरे में सोने चांदी के जेवर नगदी मोबाइल और चेक बुक रखे बक्से को चोर घर से बाहर खेत की ओर उठा ले गए हैं और उसमें रखे सोने चांदी के जेवर नगद रुपए मोबाइल और चेक को गायब कर दिया है परिजनों को मामले की जानकारी सुबह हुई है उनके होश उड़ गए हैं मामले की शिकायत चौकी पुलिस से की है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में परिजनों ने बताया कि बक्से का ताला तोड़कर उसमे रक्खे चांदी की पाजेब पायल अंगूठी लगभग 700 ग्राम चांदी गले का हार व सोने की अंगूठी एक मोबाइल 20 हजार रुपए नगद और दुर्घटना बीमा क्लेम से मिले छोटे भाई की पत्नी की दो चेक चोर उठा ले गए हैं घर से बक्सा खेतों की ओर चोर उठा ले गए थे सुबह खाली बक्सा मोहनलाल के शौचालय के अंदर मिला है भुक्त भोगी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे में नहीं पहुंची है इलाके में इसके पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी है लेकिन चोरी की घटनाओं का खुलासा पुलिस नहीं कर पा रही है।

ईरिक्शा ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो घायल

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के ग्राम रामपुर धमावा ससुर खदेरी नदी पुल के पास तेज रफ्तार ईरिक्शा और बाइक की आमने सामने भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। सीएचसी सिराथू पहुंचे घायलों में एक की गम्भीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर किया। घटना की सूचना पर पहुंची सिराथू पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली के रामपुर धमावा गांव के ससुर खदेरी नदी पुल के पास मंगलवार को सुबह तेज रफ्तार ईरिक्शा और बाइक की आमने सामने हुई भिड़ंत में बाइक सवार सैनी कोतवाली के भड़ेहरी गांव निवासी संतराम पुत्र सुधई और राजेन्द्र कुमार पुत्र बचोली घायल हो गये। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी सिराथू भेजा जहां डाक्टरों ने राजेन्द्र कुमार की गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। वहीं संतराम को डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी कर दी। घायल संतराम ने बताया की वह राजगीर का काम करता है काम के सिलसिले में वह मंगलवार को सुबह लगभग 8 बजे जियापुर गांव जा रहा था। बताया की जैसे ही रामपुर धमावा के ससुर खदेरी नदी पुल के पास पहुंचा धाता की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ईरिक्शा ने सामने से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो तेज रफ्तार ईरिक्शा चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची सिराथू पुलिस जांच में जुट गई है।

बाजारों में सज गई रंग बिरंगी जरी, मखमल व सोने चांदी की राखियां

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले में रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर चहल पहल शुरू हो गई है, राखी के दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें सजा ली है,दुकानों में बहनों की रक्षा के लिए बांधे जाने वाले रक्षा सूत्र (राखी) के तरह तरह के रंग बिरंगी, जरी,मखमल,सोने ,चांदी की राखियां सज गई है,बहने अपने भाइयों के कलाई के लिए सुंदर सुंदर राखियां खरीदना शुरू कर दी है इस साल रक्षाबंधन के त्योहार की तिथि को लेकर लोगों में बहुत असमंजस है, लोग संशय में हैं कि रक्षाबंधन 30 अगस्त को मनाएं या 31 अगस्त को, आपको बता दें कि रक्षाबंधन इस दिन 30 और 31 अगस्त दोनों दिन मनेगा, लेकिन भद्रा के साए की वजह से आपको शुभ मुहूर्त का खास ख्याल रखना होगा,30 अगस्त को लगभग पूरे दिन ही भद्रा का साया रहेगा जबकि 31 अगस्त को राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सिर्फ सुबह कुछ देर तक ही है।ज्योतिषियों का मानना है की उदया तिथि पूरे दिन रहती है और 31 अगस्त को पूरे दिन रक्षाबंधन के त्यौहार मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है, रक्षाबंधन हिंदुओं का महत्वपूर्ण पर्व है, जो भारत के कई हिस्सों में मनाया जाता है, भारत के अलावा भी विश्वभर में जहां पर भी हिंदू धर्म के लोग रहते हैं, वहां इस पर्व को भाई बहनों के बीच मनाया जाता है। राखी का त्योहार भाई और बहन के प्रेम का प्रतीक है, इस दिन बहनें अपनी भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, इस बार रक्षाबंधन का त्योहार 30 और 31 अगस्त दोनों दिन मनाया जाएगा,साथ ही रक्षाबंधन पर पूर्णिमा का संयोग भी बनने जा रहा है जो कि बेहद खास माना जाता है।आइए जानते हैं रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त, भद्रा का समय और शुभ संयोग क्या है। शास्त्रों के मुताबिक रक्षाबंधन भद्रा काल में नहीं मनानी चाहिए, ऐसा करना बेहद अशुभ माना जाता है,रक्षाबंधन पर भद्रा का साया 30 अगस्त को रात 9 बजकर 2 मिनट तक रहेगा, इसके बाद से राखी बांधना उपयुक्त रहेगा,वही 31 अगस्त को सुबह 7 बजकर 5 मिनट तक राखी बांधी जा सकती है हालांकि कुछ ज्योतिषियों का मानना है की उदया तिथि पूरे दिन रहती है और 31 अगस्त को पूरे दिन रक्षाबंधन के त्यौहार मनाया जाएगा।अब सभी बहने अपने समय और सुविधा के अनुसार रक्षाबंधन का त्योहार मना सकती है। ज्योतिषियों का मानना है कि उदया तिथि पूरे दिन रहती है और 31 अगस्त को पूरे दिन रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाएगा।

रक्षाबंधन के पर्व पर राखी कंपटीशन का आयोजन

एनडी कान्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

अखंड भारत संदेश

हर्रायपुर कौशाम्बी। एन डी कान्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज में रक्षाबंधन का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा राखी कंपटीशन का आयोजन किया गया। प्रथम पुरस्कार शिवानी यादव कक्षा 9 सिया कक्षा 8 सुनैना कक्षा 9 महवीश फातिमा कक्षा 8 प्रीती कक्षा 10 तथा द्वितीय पुरस्कार मोनी कक्षा 12 रचना कक्षा 3 पायल कक्षा 5 जिकरा कक्षा 3 अंशिका यादव कक्षा 3 तथा अनामिका शर्मा कक्षा 3 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र के द्वारा गिफ्ट कंपटीशन कराया गया जिसमें संदीप पटेल कक्षा 7 नितिन कुमार कक्षा 8 राज यादव कक्षा 8 प्रियांशु पाल कक्षा 7 में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रियांशु कुमार कक्षा 5 हिमांशु कुमार कक्षा 3 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा शाहन अहमद कक्षा 3 तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों को पुरस्कार देकर प्रधानाचार्य महेश कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने सभी बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी तथा प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन भाई बहनों का त्यौहार है यह त्यौहार जब रानी कर्मावती ने हुमायूं को राखी भेजी और हुमायूं ने इनको रक्षा का वचन दिया तभी से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा। यह त्यौहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य अनीता कुमारी राधा रानी सरोज अग्रवाल सुनील सिंह मनीलाल रामनरेश यादव ,आर एन सर आकांक्षा पाल ,ज्योति सिंह शिवानी यादव नंदिता पाल, रत्ना केसरवानी,राजू सेन,मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

बाग में मिला युवती का शव, मायके वालों ने हत्या कर शव फेंकने का लगाया आरोप

कौशाम्बी। जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की सुबह 26 वर्षीय युवती का रक्त रंजित हालत में शव मिलने से हड़कंप मच गया, महिला के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के भीटी गांव में रहने वाले बनवारी लाल ने अपनी बेटी रीता (26) की शादी मंझनपुर थाना क्षेत्र के अर्जलीपुर निवासी पवन राजपूत से 4 साल पहले की थी। शादी के बाद रीता और पवन के दो बच्चे आदित्य (4) और अंशिका (2) हुए। रीता के पिता बनवारी लाल के मुताबिक शादी के 2 साल बाद से उसकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। मृतका के पिता ने बताया कि उसके साथ कई बार मारपीट भी की गई थी, प्रताड़ना से तंग आकर रीता ने अपने बेटे आदित्य को अपने ननिहाल में छोड़ दिया, ताकि उसके साथ हो रहे उत्पीड़न का असर बच्चे पर न पड़े। मंगलवार की सुबह गांव के बाहर महुए के बाग में रीता का शव महिलाओं ने देखा तो हड़कंप मच गया, ग्रामीणों की सूचना पर मंझनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। वही मृतका के पिता बनवारी लाल ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी की हत्या कर दी गई है और शव को बाग में फेंक दिया गया है,पुलिस को बनवारी लाल ने लिखित तहरीर देकर कार्यवाई की गुहार लगाई है।

सुबह 6:00 बजे खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, खोया बाजार में हड़कम्प

कौशाम्बी। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश अनुसार एवं जिलाधिकारी के निर्देश अनुसार दिनांक 29 अगस्त को लगातार दूसरे दिन रक्षाबंधन के पर्व पर आमजन मानस को अच्छी गुणवत्ता की सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापामारी की कार्रवाई की गई। मंगलवार की सुबह प्रातः 6:00 बजे से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा चारवा खोवा मंडी एवं मनौरी खोवा मंडी में छापेमारी की कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा की टीम के पहुंचते ही बाजार में अफरा तफरी का माहौल हो गया और व्यापारी अपना खोवा लेकर इधर-उधर भागने लगे। मनौरी खोवा मंडी से खोये के नमूने संग्रहित किए गए तत्पश्चात खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा सैयद सरावा ,महागाव , कसिया ,टेढ़ी मोड़ और सिराथू बाजार में भी विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। संपूर्ण कार्रवाई में खोया, छेना, दूध और रसगुल्ले के नमूने संग्रहित किए गए टीम द्वारा कई दुकानों का निरीक्षण किया गया, तथा व्यापारियों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण सामान बेचने के लिए निर्देशित किया गया । खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई का जनता द्वारा समर्थन किया गया कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भारत मिश्रा, नितिन कुमार, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, और सेनेटरी सुपरवाइजर विजय शंकर मिश्रा अनिल आदि मौजूद रहे।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आरएसएस संगठन विस्तार के लिए हुआ कार्यक्रम का आयोजन

कौशाम्बी। चायल तहसील अंतर्गत जलालपुर बोरियो गांव में सोमवार के दिन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आरएसएस के प्रयागराज मंडल संयोजक असलम हसन व प्रयागराज युवा संयोजक कुर्बान अली सहित अन्य पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार के लिए आगमन किया। पदाधिकारियों के आगमन पर कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान काफी तादात में कार्यकर्ता मौजूद रहें। मंच के माध्यम से असलम हसन व कुर्बान अली ने कार्यकताओं को संबोधित किया और संगठन की नीतियों के बारे में बताया। पदाधिकारी व कार्यकताओं के बीच संगठन विस्तार पर काफी देर तक चर्चा हुई। कुर्बान अली ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन विस्तार के लिए है और आगे भी करते रहेंगे। प्रयागराज संयोजक असलम हसन के द्वारा कार्यकताओं के गले में पुष्प गुच्छ डालकर कार्यकताओं को सम्मानित किए। इस दौरान रेहाना खातून काशी प्रांत संयोजिका, असलम हसन मंडल संयोजक प्रयागराज, कुर्बान अली युवा संयोजक प्रयागराज, ऐनुल भाई संयोजक प्रयागराज, रफत उल्ला सह संयोजक प्रयागराज, राहिल हसन सह संयोजक मंडल प्रयागराज, मो इम्तियाज संयोजक प्रयागराज एवं आदि लोग मौजूद रहे।

छात्रों ने हांकी एवं छात्राओं ने क्रिकेट मैच खेल कर मनाया हांकी के जादूगर का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

खेल दिवस

भवन्स मेहता विद्याश्रम

भरवारी कौशाम्बी। खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्म दिन पर मनाया जाता है। इनका जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद के एक राजपूत परिवार में हुआ था, इनके समय में भारत को तीन बार 1928,1932 एवं 1936 में स्वर्ण पदक मिला, इनकी हॉकी से हिटलर भी कायल हो गया था और इनको जर्मनी में ही नौकरी का आफर दिया था जिसे ध्यानचंद ने ठुकरा दिया था।इनको हॉकी के जादूगर के नाम से भी जाना जाता है।आज के दिन पूरे भारत में इनके जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आज भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप जला कर किया । प्रतियोगिता भवंस इलेवन सीनियर ग्रुप एवं जूनियर ग्रुप में संपन्न हुई।विजयी सीनियर ग्रुप रहा।वहीं सीनियर गर्ल्स के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ जिसकी शुरूआत प्रधानाचार्य महोदय ने किया।सभी छात्रों को प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सीनियर अध्यापक श्री अनिल मिश्रा, अवधेश मिश्रा, रामसनेही श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिंह, शिवम केशरवानी, सुशील श्रीवास्तव व नागेंद्र द्विवेदी एवं संचालन खेल अध्यापक सुधाकर सिंह और सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मैच का आनंद लिया।

कबड्डी में रमन तो फुटबॉल में अशोका हाउस ने लहराया परचम

मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर आयोजित किया गया था इंटर हाउस फुटबॉल और कबड्डी टूनार्मेंट

करारी कौशांबी। करारी कस्बा स्थित डॉ० रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर इंटर हाउस फुटबॉल और कबड्डी प्रतियोगोता का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें रमन हाउस ने कबड्डी और अशोका हाउस ने फुटबॉल का फाइनल मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम किया। डॉ० रिजवी स्प्रिंगफीलड स्कूल में पिछले 3 दिन से चल रहे फुटबॉल और कबड्डी मैच का फाइनल मैच मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर खेला गया। फुटबॉल में फाइनल मैच टैगोर और अशोका हाउस के बीच खेला गया। जिसमें अशोका हाऊस ने टैगोर को 4-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। अशोका की तरफ से शाहजान ने 2 तो वही भावेश और अहद ने 1-1 गोल दागे। इसके बाद कबड्डी के फाइनल मैच में रमन हाउस और अशोका हाउस आमने सामने थी। जिसमे रमन ने 51-49 के अंतर से इस रोमांचक मुकाबले में अशोका हाउस को शिकस्त दी। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र पाण्डेय ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। तो वही उपविजेता टीम को प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर लुबना फातिमा, शैलेन्द्र सिंह, गुलफाम आलम, महफूज आलम, ओमशंकर पांडेय, अश्नीत तिवारी, अभिषेक मिश्र, वरुण, सना अब्बास आदि अध्यापक सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

संपादक की कलम से

रोशन रिश्तों को करते हैं !

रखी (रक्षाबंधन) का पवित्र त्योहार है। वैसे तो राखी भाई बहन के असीम बंधन, अपनत्व, प्यार और असीम स्नेह का त्योहार है लेकिन आज राखी का यह त्योहार भाई बहन तक ही सीमित नहीं रह गया है।आज पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़-पौधों के राखी बांधी जाने लगी है, देश की रक्षा, हितों की रक्षा के लिए राखी बांधी जाने लगी है। विशेष रूप से हिंदूओं में प्रचलित यह त्योहार हमारे देश संस्कृति, हमारी परंपराओं का प्रतीक है और यह हमारे संपूर्ण देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बहुत ही उत्साह, उल्लास, खुशी के साथ मनाया जाता है। पाठकों को यह विदित ही है कि राखी हर साल श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। वास्तव में, रक्षा बंधन का यह पर्व परस्पर एक-दूसरे(भाई-बहन) की रक्षा, अपनत्व और सहयोग की भावना निहित है। वास्तव में रक्षाबंधन त्योहार की यदि हम संधि करें और इसके अर्थ को समझें तो इसमें रक्षा का अर्थ है सुरक्षा, और बंधन का अर्थ है बंधन। इसलिए, यह त्योहार भाइयों और बहनों के बीच सुरक्षा, देखभाल और लंबे समय के बंधन का प्रतीक है।रक्षाबंधन के दिन बहनें भाइयों की दाहिनी कलाई पर बड़े ही प्यार से राखी बांधती हैं, उनका तिलक करती हैं, मुंह मीठा करवाती हैं और उनसे अपनी रक्षा का संकल्प लेती हैं। भाई भी बहनों को राखी पर उपहार स्वरूप पैसे, कपड़े, गहने आदि प्रदान करते हैं। यदि हम राखी के त्योहार को इतिहास की नजर से देखें तो वामनावतार नामक पौराणिक कथा में रक्षाबंधन का प्रसंग मिलता है। इस संबंध में विवरण मिलता है कि जब राजा बलि ने एक यज्ञ संपन्न कर स्वर्ग पर अधिकार का प्रयत्न किया, तो देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। विष्णु जी वामन ब्राह्मण बनकर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंच गए। गुरु के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। वामन भगवान ने तीन पग में आकाश-पाताल और धरती नाप कर राजा बलि को रसातल में भेज दिया। उसने अपनी भक्ति के बल पर विष्णु जी से हर समय अपने सामने रहने का वचन ले लिया। लक्ष्मी जी इससे चिंतित हो गई। नारद जी की सलाह पर लक्ष्मी जी बलि के पास गई और रक्षासूत्र बांधकर उसे अपना भाई बना लिया। बदले में वे विष्णु जी को अपने साथ ले आई। कहते हैं कि उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी। हमारे इतिहास से हमें यह भी जानकारी मिलती है कि मेवाड़ की महारानी कर्मवती ने मुगल राजा हुमायूं को राखी भेजी थी। सच तो यह है कि उस दौरान गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह से अपनी और अपनी प्रजा की सुरक्षा का कोई रास्ता न निकलता देख रानी ने हुमायूँ को राखी भेजी थी। हुमायूं ने एक मुसलमान शासक होते हुए भी राखी की लाज रखी। यह भी कहते हैं, सिकंदर की पत्नी ने अपने पति के हिंदू शत्रु पुरु को राखी बांधकर उसे अपना भाई बनाया था और युद्ध के समय सिकंदर को न मारने का वचन लिया था। पुरु ने युद्ध के दौरान हाथ में बंधी राखी का और अपनी बहन को दिए हुए वचन का सम्मान करते हुए सिकंदर को जीवनदान दिया था। एक अन्य कथा के अनुसार गिन्नौरगढ़ के राजा निजाम शाह गोंड के रिश्तेदार आलमशाह ने एक साजिश के तहत राजा को जहर देकर मार दिया था। तब रानी ने इसका बदला लेने और सियासत को बचाने के लिए मोहम्मद खान को राखी भेजकर मदद की गुजारिश की थी। उस समय मोहम्मद खान ने भाई का फर्ज निभाते हुए रानी की मदद की थी। एक अन्य पौराणिक कथा के मुताबिक यमुना ने एक बार भगवान यम की कलाई पर धागा बांधा था। वह मन ही मन में यम को अपना भाई मानती थी। भगवान यम यमुना से इतने ज्यादा खुश हुए कि यमुना की रक्षा के साथ-साथ अमर होने का भी वरदान दे दिया। कहते हैं कि साथ ही उन्होंने यह वचन भी दिया था कि जो भाई अपनी बहन की मदद करेगा, उसे लंबी आयु का वरदान देंगे। एक अन्य कथा भगवान गणेश जी की भी मिलती है, गणेश जी के पुत्र शुभ और लाभ एक बहन चाहते थे, तब भगवान गणेश जी ने एक यज्ञ करके मां संतोषी को प्रकट किया था। वैसे राखी का विवरण पुराणों में भी मिलता है।

श्रेष्ठता की शिखर की ओर भारतीय खिलाड़ी

अरविंद जयतिलक

मंगलवार को भारत के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मन पद्मभूषण से सम्मानित मेजर ध्यानचंद जी का जन्मदिन मनाया गया। खेल में उनके महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में उनके जन्मदिन को भारत में खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है। मेजर ध्यानचंद विश्व हॉकी में शुमार महानतम खिलाड़ियों में से एक अद्भुत खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने अपनी प्रतिभा व लगन से देश का मस्तक गौरान्वित किया। अच्छी बात है कि देश के खिलाड़ी उनसे प्रेरणा लेकर अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी कल ही नीरज चोपड़ा ने दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत को विश्व ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल दिलया। इससे पहले संपन्न कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत अपने खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन से गौरान्वित हो चुका है। तब भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पदकों की झड़ी लगाते हुए कुल 61 मेडल हासिल किए थे जिसमें 22 गोल्ड, 16 सिल्वर और 23 ब्रॉन्ज मेडल शामिल रहे। इस शानदार प्रदर्शन से भारत ने चैथा स्थान हासिल किया जिससे देश का मस्तक स्वाभिमान से दमक उठा। कॉमनवेल्थ गेम्स की तरह गत वर्ष संपन्न टोक्यो ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। भारत के खाते में एक गोल्ड, दो सिल्वर और चार ब्रॉन्ज समेत कुल सात पदक आए। नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू, रवि दहिया, पीवी सिंधु, लवनीना बोरगेहेन, बजरंग पुनिया और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने अपना जलवा बिखेरा। कॉमनवेल्थ और टोक्यो ओलंपिक की उपलब्धियों से देश रोमांचित है। पूरे देश में खिलाड़ियों का इस्तकबाल हो रहा है और नवोदित खिलाड़ियों का हौसला बुलंद है। उम्मीद किया जाना चाहिए कि अब अगले कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक में भारत एक नया कीर्तिमान रचेगा। यह समझना होगा कि किसी भी राष्ट्र की प्रतिभा खेलों में उसकी उत्कृष्टता और हासिल होने वाले पदकों से जुड़ा होता है। अच्छा प्रदर्शन केवल पदक जीतने तक ही सीमित नहीं होता बल्कि राष्ट्र के स्वास्थ्य, मानसिक अवस्था एवं लक्ष्य के प्रति सतर्कता व जागरुकता को भी रेखांकित करता है। दो राय नहीं कि कॉमनवेल्थ और टोक्यो ओलंपिक में मिली उपलब्धियों ने देश को गौरान्वित किया है। लेकिन एक सच यह भी है कि 135 करोड़ की आबादी वाले देश को इससे बड़ी उपलब्धि की दरकार है। ऐसा तभी संभव होगा जब देश में उत्कृष्ट खिलाड़ियों, अकादमियों और प्रशिक्षकों को बढ़ावा मिलेगा। एक आंकड़े के मुताबिक देश में सिर्फ पंद्रह प्रतिशत लोग ही खेलों में अभिरुचि रखते हैं। यह आंकड़ा निराश करने वाला है। विचार करें तो इसके लिए भारतीय समाज का नजरिया और सरकार की नीतियां दोनों जिम्मेदार हैं। समाज में यह धारणा है कि खेलकूद के जरिए नौकरी या रोजी-रोजगार हासिल नहीं किया जा सकता। इसलिए पढ़ाई पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए। नतीजा सामने है। बच्चों में खेल के प्रति लगन और उत्सुकता में कमी है। चिंता की बात यह भी कि सरकारें भी खेल के विकास का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के बजाए राष्ट्रीय खेल अकादमियों का अध्यक्ष व सदस्य कौन होगा उस पर ज्यादा फोकस करती हैं। भला ऐसे माहौल में खेल का विकास कैसे होगा। खेलों के विकास के लिए आवश्यक है कि सरकार की खेलनीति स्पष्ट व ईमानदार हो। स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों व खेल अकादमियों में बुनियादी ढांचे के विकास की गति तेज हो। बेहतर होगा कि सरकारें स्कूल स्तर से ही खेल को बढ़ावा देने का मिशन चलाए। स्कूलों में बच्चों की प्रतिभा एवं विभिन्न खेलों में उनकी अभिरुचि को ध्यान में रखकर उन्हें विभिन्न किस्म के खेलों में समायोजित कर उनके उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करे। ऐसा करने से उनकी प्रतिभा का सार्थक इस्तेमाल होगा और खेल को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन देखें तो स्कूलों में खेल के प्रति घोर उदासीनता है।

इसका मूल कारण खेल संबंधी संसाधनों की भारी कमी और खेल से जुड़े योग्य शिक्षकों-प्रशिक्षकों का अभाव है। अगर प्राथमिक स्कूलों से इतर माध्यमिक विद्यालयों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की बात करें तो यहां भी स्थिति कमोवेश वैसी ही है। यहां संसाधन तो हैं लेकिन इच्छाशक्ति और प्रशिक्षण के अभाव में खेलों के प्रति रुझान नहीं बढ़ रहा है। उचित होगा कि केंद्र व राज्य सरकारें खेलों में सुधार के लिए पटियाला में स्थापित खेल संस्थान की तरह देश के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के संस्थान खोलें। ऐसा इसलिए कि उचित प्रशिक्षण के जरिए ही देश में खेलों का स्तर ऊंचा उठाया जा सकता है। यहां यह भी समझना होगा कि जब तक खेलों को रोजगार से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक खेल प्रतिभागियों में स्पर्धा का वातावरण निर्मित नहीं होगा। अगर खेलों में नौजवानों को अपना भविष्य सुनिश्चित नजर नहीं आएगा तो स्वाभाविक है कि वे वे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा नहीं लेंगे। खेलों में भविष्य सुरक्षित न होने के कारण ही नौजवानों में उदासीनता है और खेल के क्षेत्र में भारत फिसड्डी देशों में शामिल है। यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि खेलों में खराब स्थिति के लिए एकमात्र सरकार की उदासीनता ही जिम्मेदार नहीं है। बल्कि खेल से विमुखता के लिए काफी हद तक समाज का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज भी देश में एक कहावत खूब प्रचलित है कि ह्यपढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे होगे खराबह्ण। अब इस कहावत को बदलने की जरुरत है। अकसर देखा जाता है कि माता-पिता के माथे पर तब चिंता की लकीरें उभर आती हैं जब उनका बच्चा खेल में कुछ ज्यादा ही अभिरुचि दिखाने लगता है। तब उन्हें डर सताने लगता है कि कहीं उनका बच्चा खेल में अपनी उर्जा खर्च कर अपना भविष्य न चैपट कर ले। स्कूलों में भी गुरुजनों द्वारा अकसर बच्चों से कहते सुना जाता है कि दिन भर खेलोगे तो पढ़ोगे कब। इस तरह की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। बच्चों को खेलने के लिए उत्साहित करना चाहिए। अगर सरकार की नीतियों में खेल से रोजगार का जुड़ाव हो तो फिर माता-पिता के मन में भी बच्चे के भविष्य को लेकर किसी तरह की आशंका-चिंता नहीं रहेगी। खेल के प्रति उत्साहजनक वातावरण निर्मित न होने के कारण ही आज देश अंतर्राष्ट्रीय खेल पदकों की फेहरिस्त में निचले पायदान पर रहता है। हां, यह सही है कि अब पहले के मुकाबले कॉमनवेल्थ, ओलंपिक और एशियाड खेलों में भारत के खिलाड़ी उत्तम प्रदर्शन कर रहे हैं। वे पदक जीतकर देश का मान बढ़ा रहे हैं। लेकिन सच यह भी है कि आज की तारीख में देश में खेल का मतलब क्रिकेट तक सीमित रह गया है। बाकी खेल दोयम दर्जे की स्थिति में हैं। फुटबाल, कबड्डी, तीरंदाजी, जिमनास्टिक जैसे खेलों के खिलाड़ियों को उस तरह का सम्मान और पैसा नहीं मिल रहा है जितना कि क्रिकेटरों को मिलता है। यहां तक कि विज्ञापनों में भी क्रिकेटर ही छाए रहते हैं। यह ठीक नहीं है। भारत को अपने पड़ोसी देश चीन से सबक लेना चाहिए कि 1949 में आजाद होने के बाद 1952 के ओलंपिक में एक भी पदक नहीं जीता। लेकिन 32 वर्ष बाद 1984 के ओलंपिक में 15 स्वर्ण पदक झटक लिए। आज चीन हर ओलंपिक खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दुनिया को अचंभित कर रहा है। उसके ओलंपिक पदकधारकों में महिलाओं की तादाद भी अच्छी रहती है। अच्छी बात है कि अब भारत में भी खेलों को लेकर उत्साह बढ़ा है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। उचित होगा कि भारत भी चीन की तरह खेल को अपनी शीर्ष प्राथमिकता में शामिल कर अपनी नीतियों को उसी अनुरुप ढ़ाले। इससे अपेक्षित परिणाम मिलना तय हैं। इसके लिए भारत को गांवों से लेकर नगरों तक के खेल की बुनियादी ढांचे में आमुलचूल परिवर्तन करना होगा। उसे खेल प्रशिक्षण की आधुनिक अकादमियों की स्थापना के साथ-साथ समुचित प्रशिक्षण, खेल धनराशि में वृद्धि तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन करना होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित करना होगा। यही नहीं मेजर ध्यानचंद जैसे अन्य महान खिलाड़ी को भारत रत्न की उपाधि से विभुषित करना होगा। अच्छी बात है कि भारत सरकार ने उनके नाम से खेल पुरस्कार को जोड़ दिया है। उचित होगा कि केंद्र व राज्य सरकारें खेल के विकास के लिए ईमानदार और स्पष्ट नीति को लागू करे। उसका क्रियान्वयन और अनुपालन कराएं। इस पहल से भारत पदक तालिकाओं में शीर्ष पर दिखेगा।

'इंडिया' में बसपा को साथ लेन की जुगत

अशोक भाटिया

इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव एलायंस) नाम से बने नए विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक 31 अगस्त-1 सितंबर के बीच मुंबई में होगी। इस मीटिंग की मेजबानी शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद गुट) मिलकर कर सकते हैं। नया गठबंधन बनने के बाद यह पहला मौका है, जब सभी 26 विपक्षी दल किसी ऐसे राज्य में मीटिंग करेंगे जहां उनका कोई सदस्य सत्ता में नहीं है। दरअसल महाराष्ट्र में बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट)-एनसीपी (अजित गुट) की सरकार है। इनमें से कोई भी इंडिया का हिस्सा नहीं है। पहली मीटिंग बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जदयू द्वारा 23 जून को पटना में आयोजित की गई थी। दूसरी बैठक बेंगलुरु में 18-19 जुलाई को आयोजित की गई थी और इसकी मेजबानी कांग्रेस ने की थी। कांग्रेस के लिए 2024 के चुनाव के लिए उत्तरप्रदेश महत्त्वपूर्ण हो जाता है क्योकि वह जानती है कि दिल्ली का रास्ता यही से जाता है । विपक्ष जानता है कि यदि उत्तरप्रदेश में सपा , कांग्रेस और मायावती के बीच वोटों का बटवारा हुआ तो किसी को कुछ नहीं मिलेगा । 2014 में भाजपा ने 80 में से 71 सीटें जीती थीं, भाजपा की सहयोगी अपना दल ने भी दो सीटें जीती थीं। कांग्रेस से सिर्फ सोनिया और राहुल ही जीते बाकी पांच सीटें समाजवादी पार्टी ने जीतीं। 19.5 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले उत्तर प्रदेश में तब एक भी मुस्लिम नहीं जीता था, लेकिन 2019 में जब एसपी-बीएसपी का गठबंधन हुआ तो भाजपा 71 से गिरकर 62 पर आ गई। एसपी को सिर्फ पांच सीटें मिलीं, लेकिन बीएसपी जीत गई कांग्रेस से दस लोकसभा सीटें। केवल सोनिया गांधी जीतीं और उनकी पार्टी ने फिर से दो सीटें जीतीं। हालांकि, अखिलेश यादव और आजम खान के लोकसभा सीटों से इस्तीफे के बाद हुए उपचुनाव में ये दोनों सीटें भी भाजपा ने जीत लीं। 2019 का नतीजा इस लिहाज से और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि एसपी-बीएसपी गठबंधन के कारण मुस्लिम वोटों का बंटवारा नहीं हुआ और दोनों पार्टियों के तीन-तीन मुस्लिम उम्मीदवार जीते। अब अगर बसपा कांग्रेस, सपा और रालोद के साथ नहीं आती है तो भारत गठबंधन का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। त्रिकोणीय चुनाव से मुस्लिम वोट बंट जाएगा और भाजपा की सीटें बढ़ जाएंगी, क्योंकि 2014 में एनडीए ने 80 में से 73 सीटें जीती थीं। मायावती इस बात से भी वाकिफ हैं कि कर्नाटक का संदेश मुस्लिम वोटों को कांग्रेस की ओर लौटाना है, इसलिए कांग्रेस-सपा गठबंधन में शामिल होना उनके लिए फायदेमंद होगा। आने वाले दिनों में सिर्फ उत्तर प्रदेश ही भारत संघ का हिस्सा बन सकता है, लेकिन बाकी राज्य अलग रहेंगे। गौरतलब है कि इस बार कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक में भाजपा से जीत हासिल की है और उन तीन राज्यों में अभी चुनाव होने बाकी हैं। चुनावी सर्वे में इन तीनों राज्यों में से किसी में भी भाजपा का दबदबा नहीं दिख रहा है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में कड़ी टक्कर बताई जा रही है और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का दबदबा है। मान लीजिए कि अगर इन तीन राज्यों में भी कांग्रेस जीतती है, तो 2019 की तुलना में कांग्रेस की स्थिति काफी बेहतर होगी। कांग्रेस कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा है। हालांकि, लोकसभा चुनाव की पूरी जिम्मेदारी क्षेत्रीय पार्टियों पर है। अगर भाजपा 100 नहीं तो 50-55 सीटें हार जाती है, तो उसे सरकार बनाने के लिए सहयोगियों पर निर्भर रहना होगा। अगर भाजपा 50 सीटें हारने के बावजूद 250 सीटें जीतती है, तो वह सरकार बनाएगी, क्योंकि उसके सहयोगी निश्चित रूप से 30-35 सीटें जीतेंगे और एनडीए को बीजेडी, वाईएसआर कांग्रेस का भी समर्थन मिलेगा। यदि कांग्रेस की सीटें दोगुनी भी हो जाएं तो भी भारत में गठबंधन सरकार नहीं बन सकती। लेकिन कांग्रेस का लक्ष्य क्षेत्रीय दलों के कंधों पर सवार होकर अपनी ताकत बनाना है, ताकि उसे तीसरी बार करारी हार न झेलनी पड़े और विपक्ष के नेता का दर्जा भी न मिले। लोकसभा। 2024 का लोकसभा चुनाव सिर्फ कांग्रेस ही नहीं, बल्कि गांधी परिवार के लिए भी जीने-मरने का सवाल बन गया है। सोनिया गांधी अपनी उम्र और बीमारी के कारण चुनावी राजनीति से दूर रहना चाहती हैं। लेकिन कांग्रेस नेता उन्हें बाहर नहीं जाने देना चाहते क्योंकि वे राहुल गांधी और प्रियंका पर उस तरह भरोसा नहीं कर सकते जैसे 1998 में सोनिया गांधी ने किया था। 1998 में कांग्रेस नेताओं को सोनिया गांधी पर इतना भरोसा था कि उन्होंने सीताराम केसरी को हटाकर सोनिया को अध्यक्ष बना दिया। इसीलिए सोनिया गांधी पर दबाव है कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। लेकिन अगर वह चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं तो रायबरेली में कौन चुनाव लड़ेगा इस पर मंथन चल रहा है। क्या प्रियंका गांधी को वहां चुनाव लड़ने के लिए भेजा जाएगा

अगर प्रियंका रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी तो अमेठी से कौन लड़ेगा स्मृति ईरानी से हारने के बाद राहुल गांधी दोबारा अमेठी से चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। ऐसे में जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने ऐलान किया कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे तो अगले ही दिन उन्हें अपना बयान वापस लेना पड़ा। उन्होंने बयान बदलते हुए कहा कि अमेठी के कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी वहां से चुनाव लड़ें। अजय राय के बयान वापस लेने से यह साफ हो गया है कि उन्हें गांधी परिवार के किसी भी सदस्य के बारे में बोलने से रोका गया है। परिवार में इस बात पर मंथन चल रहा है कि राहुल गांधी को वायनाड के साथ-साथ अमेठी की बजाय रायबरेली से भी चुनाव लड़ना चाहिए।

भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व

रमेश सर्राफ धमोरा

रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्यौहार है। रक्षाबन्धन पर्व में रक्षासूत्र यानि राखी का सबसे अधिक महत्व है। इस पर्व के दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है। हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है।

येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबलः
तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचलः

इस श्लोक का अर्थ है जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना। रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र कर-के अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। कहते कि पाताल लोक में राजा बलि ने भक्ति के बल पर भगवान विष्णु से रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर विपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बांधने के कई उल्लेख मिलते हैं।

पाकिस्तान-चंद्रयान-हिंदुस्तान ! टक्कर आस्था और विज्ञान में !!

के. विक्रम राव

इस्लामी पाकिस्तान टीवी ने चंद्रयान पर गत दिनों कई इंटरव्यू प्रसारित किये। इनमें आमजन के संग आलिम और फाजिल (ज्ञानी) भी शामिल रहे। कुछ ने भारत से सबूत मांगा कि चांद पर तिरंगा कैसे लहराया इन लोगों का कयास था कि अमेरिकी NASA के पुराने चित्र को इसरो ने चला दिया। अतः दावा बोगस है। अंतरिक्ष कार्यक्रम में क्रफ्ढ एक और आयाम भारत जोड़ने वाला है। अगले शनिवार (2 सितंबर 2023) की सुबह सूरज की ओर छ-1 रवियान रवाना होगा। जब चंद्रयान के उतरने के स्थल को नरेंद्र मोदी ने शिवशक्ति केंद्र नाम दिया, चंद हिंदुस्तानियों ने भी ऐतराज किया। अर्थात सेक्युलर भारत ने भगवान भोलेनाथ को विज्ञान में क्यों डाल दिया कुछ राहुल गांधी-टाइप संदिग्धता थी। तब पुलवामा नरसंहार (14 फरवरी 2019) में केंद्रीय पुलिस बल के 40 सिपाहियों को पाकिस्तानी आतंकी गिरोह जैशे-मोहम्मद ने भून दिया था। उस वक्त कांग्रेसी उसे लोकसभा का चुनावी स्टंट बता रहे थे। वे झूठे साबित हुये। विश्वनाथ की नगरी प्रधानमंत्री का चुनाव क्षेत्र भी है। क्या इसलिए इस पर ISRO के अध्यक्ष श्रीधर पणिक्कर सोमनाथ ने सटीक जवाब दिया : चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट का नाम शिव-शक्ति रखने का देश को अधिकार है। कई दूसरे देशों ने चंद्रमा पर अपना नाम रखा है। यह हमेशा उस देश का विशेष अधिकार रहा है। एक परंपरा रही है। पाकिस्तानी एंकर ने बताया : पवित्र कुरान में लिखा है : और उसने सूर्य और चंद्रमा को तुम्हारे अधीन कर दिया, जो लगातार चलते रहते हैं। [सूरह 14, आयत 33]। पृथ्वी की स्थिर प्रकृति पर पवित्र कुरान कहता है : निस्संदेह, अल्लाह आकाश और पृथ्वी को संभाले रखता है, ऐसा न हो कि वे भटक जाएँ। [सूरह 35, आयत 41]। मिलती-

ISRO अध्यक्ष सोमनाथ त्रिवेन्द्रम के मंदिर में.



पाक मीडिया द्वारा समीक्षा !



17वीं सदी के इतालवी खगोल शास्त्री गैलीलियो.

जुलती मान्यता तब रोमन चर्च की भी रही। मगर इतालवी नक्षत्र शास्त्री पहली बार गैलीलियो गैलिली ने स्पष्ट निर्धारित किया था कि ब्रह्मांड का केंद्र सूर्य है और पृथ्वी तथा अन्य ग्रह उसकी परिक्रमा कर रहे हैं। उन दिनों पृथ्वी को स्थिर और सूर्य को उसकी परिक्रमा करते हुए बताया जाता था। गैलीलियो के शोध का विरोध हुआ। उनपर नास्तिकता और पाखंड के आरोप भी लगाए। गैलीलियो के वैज्ञानिक खोज को रोमन चर्च ने धार्मिक किताबों का अपमान माना। उन्हें सजा दी गई। आज सभी यह जानते हैं कि पृथ्वी गोल है। गैलीलियो की पुस्तक द डायलॉग ऑफ टू द प्रिंसिपल सिस्टम ऑफ द वर्ल्ड में उनका दावा था कि पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है। उसी ने यह बात सर्वप्रथम बताई थी। हालांकि विज्ञान से जुड़े सत्य और सटीक पहलुओं की खोज करने वाले गैलीलियो को कई उत्पीड़न झेलने पड़े। सिद्धांत ह्यपृथ्वी गतिमान हैह्ण के कारण उन्हें सजा मिली। बाइबल में जो बात लिख दी गई, वही अंतिम और अटल सत्य हो गई। इस संदर्भ में इस्लामी आस्था के प्रसंग से दो जुड़े हुये प्रकरण देखें। मशहूर इस्लामी विद्या केंद्र दारुल उलूम के पूर्व कुलाधिपति मौलाना गुलाम मोहम्मद वस्तानवी को कुछ वर्ष पूर्व पद से हटा दिया गया था। कारण था कि उन्होंने एक शैक्षिक समारोह में विजेता छात्रों को गणेश की प्रतिमा प्रदान की थी। उन पर मूर्तिपूजा का गुनाह (जनवरी 2011) मढ़ा गया था। इसी भांति भारतीय गणतंत्र के सेक्युलर संविधान को धता बताते केरल के मुस्लिम लीगी मंत्री अहमद देवरकोवली ने पानी के नवनिर्मित जहाज के जलावतरण पर नारियल फोड़ने से मना कर दिया था, क्योंकि वह भी हिंदू संस्कार था अहमद तब केरल सरकार के बंदरगाह और नाविक मंत्री थे। यूं चंद्रयान के कारण वहां की मुस्लिम लीगी सरकार की पाकिस्तानी मीडिया में नाकारापन के कारण तीव्र भर्त्सन भी हुई।

पाकिस्तानी महिला एंकर ने लाइव शो के दौरान कहा : भारत जहां चांद पर पहुंच चुका है, वहीं हम अभी भी बीच में ही फंसे हुए हैं। अगर हमें भारत का मुकाबला करना है तो इसे अन्तरिक्ष में करनी चाहिए, जिसमें भारत आगे जा रहा है। पाकिस्तानी न्यूज शो में पुरुष एंकर ने कहा : आप अंदाजा लगा सकते है कि भारत चांद पर पहुंच गया है और हम अभी तक अपने ही बच्चों को चांद-चांद कह रहे हैं। भारत के चंद्रयान मिशन पर सबसे ज्यादा चर्चा पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी के ट्वीट से हुई थी। वे इमरान खान की सरकार में सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री थे। चौधरी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग को पाकिस्तान में लाइव दिखाने की बात कही। उन्होंने इसे मानव जाति के लिए ऐतिहासिक पल भी बताया। लेकिन साल 2019 में जब भारत ने चंद्रयान-2 मिशन चांद पर भेजा था, तब चौधरी ने इसका मजाक बनाया था।

तब उन्होंने कहा था : भारत को चंद्रयान जैसे फालतू मिशन पर पैसे बर्बाद करने की बजाय अपनी गरीबी पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान की न्यूज वेबसाइट फ्राइडे टाइम्स ने चंद्रयान-3 की कामयाबी से पहले विज्ञान के प्रोफेसर डॉ सलमान हामीद का एक लेख छापा है। इसमें उन्होंने लिखा : 1960 के दशक में पाकिस्तान का अपना अंतरिक्ष कार्यक्रम था। लेकिन चीजें खराब होती गईं। भारत कहाँ से कहाँ चला गया सलमान ने लिखा है : "मुझे याद है कि 2019 में भारत का चंद्रयान-2 नाकाम रहा था तो पाकिस्तान के तत्कालीन विज्ञान मंत्री चौधरी ने मजाक उड़ाया था।

केन्द्र सरकार खेलों के विकास-खिलाडियों के उत्थान को संकल्पित: सांसद

स्टेडियम में बैडमिंटन हाल समेत हैं आधुनिक उपकरण: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राष्ट्रीय खेल दिवस पर क्षेत्रीय खेल कार्यालय ने जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुरस्कार वितरण समारोह किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने खिलाड़ियों से कहा कि भारत सरकार खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के उत्थान को सराहनीय कार्य कर रही है। खेलो इंडिया पूरे देश में एक खेल एक जिला के तहत प्रशिक्षण शिविर चला रही है।

मंगलवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय खेलों में जाने वाले खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री खुद संवाद कर उत्साहवर्धन करते हैं। नतीजतन नीरज चोपड़ा ने इतिहास रचते हुए वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहला स्थान प्राप्त कर देश को गौरवान्वित किया है। जिले के खिलाड़ी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने जिले में बैडमिंटन हॉल को धनराशि दी है, बनकर तैयार हो रहा है। जिम हाल भी खिलाड़ियों के लिए तैयार किया जा रहा है। अत्याधुनिक उपकरण भी स्टेडियम में आ चुके हैं। खिलाड़ियों को खेलों के विकास को उत्तम व्यवस्था मिलेगी। भारत सरकार व राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। जिस खेल में रुचि हो, उस खेल में आगे बढ़कर खेलें, ताकि जिले, प्रदेश व देश का नाम रोशन हो सके। सभी अतिथियों ने क्रिकेट विजेता मऊ, उपविजेता जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी, हॉकी विजेता चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, उपविजेता उच्च प्राथमिक विद्यालय छेछरिहा खुर्द, कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी ए टीम, उपविजेता जनसेवा इंटर कॉलेज बी टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे गये। संचालन करते हुए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि आने वाले समय में उत्कृष्ट प्रदर्शन खेलों में जिले के लोग करेंगे। सांसद व विधायक तथा जिलाधिकारी लगातार सहयोग कर रहे हैं। खेलों को संपन्न कराने में रमेश सिंह, श्याम सुंदर यादव, भारत सिंह, शैलेंद्र, श्रीकृष्ण, अंगद, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन ने सहयोग दिया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ अमित कुमार द्विवेदी, अध्यक्ष ओलंपिक संघ विवेक कुमार अग्रवाल, सचिव एथलेटिक संघ शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि गणमान्य एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज की निन्दा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने बताया कि 29 अगस्त को हापुड जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर सैकडों अधिवक्ताओं को घायल करने की घटना अंजाम दी है। लायर्स यूनियन ने घटना की निन्दा की है।

मंगलवार को आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि लाठीचार्ज में महिला अधिवक्ता को भी गम्भीर चोटे आई हैं। पुरुष अधिवक्ता भी घायल हुए हैं। यूनियन ने पुलिस के अधिवक्ताओं पर किये अमानवीय बर्ताव व लाठीचार्ज के जिम्मेदार अधिकारियों को निलम्बित कर दंडित करने की मांग की है।

एसएचओ की अगुवाई में राजापुर पुलिस ने दबोचे सात जुआरी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्र की अगुवाई में दरोगा राजीव कुमार सिंह की टीम ने सात जुआरियों को रंगे हाथ जुआ खेलते दबोचा है।

मंगलवार को राजापुर थाने के दरोगा राजीव कुमार सिंह की टीम ने छापेमारी कर मुन्नू प्रसाद पुत्र श्रीकेशन, कमलेश पुत्र दशरथ, राजकुमार पुत्र कैलाश, देवकुमार पुत्र अमृतलाल, लालदास पुत्र चुन्ना, अनिल कुमार पुत्र महेश व शिवदास पुत्र चुन्ना निवासी महुआ को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 8320 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 1730 रुपये बरामद हुए हैं। इनके खिलाफ थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा राजीव कुमार सिंह, दरोगा कृष्णदेव मिश्रा, सिपाही अंकित शुक्ला, विजय पटेल, पंकज राय व अजय कुमार वर्मा शामिल रहे।

पुलिस ने दबोचा एक वांछित व चार वारंटी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व चार वारंटी को दबोचा है।

मंगलवार को कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा रामआधार सिंह की दीवान संदीप देव ने घर में घुसकर मारपीट करने के वारंटी रामबाबू गौतम पुत्र स्व रामखेलावन गौतम निवासी कालूपुर को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा राजेश चैरसिया ने सिपाही आशीष कुमार कुशवाहा के साथ मारपीट के वारंटी सत्यनारायन पुत्र चुनवाद निवासी छपरामाफी चैकी सीतापुर को गिरफ्तार किया है। राजापुर थाने के प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा राजीव कुमार सिंह ने सिपाही अंकित शुक्ला के साथ वारंटी धनराज पुत्र बज्जू निवासी कारखाना कस्बा राजापुर व दरोगा कृष्णदेव मिश्रा ने सिपाही विजय पटेल के साथ मारपीट के वारंटी डब्लू पुत्र रामेश्वर निवासी नोनागर का पुरवा पियरियामाफी को गिरफ्तार किया है। गनीवां चैकी प्रभारी मेवालाल मौर्य ने सिपाही प्रमोद के साथ अपहरण-दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट के वांछित अजय तिवारी उर्फ बग्घी पुत्र स्व रामविजय तिवारी उर्फ मुन्नू तिवारी निवासी डंडिया मजरा कंधवनिया को गिरफ्तार किया है।

स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के बच्चों को भरतकूप पुलिस ने किया जागरुक

बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में बताया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम रखने की गरज से जारी मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के तहत भरतकूप दरोगा शैलेन्द्र सिंह ने महिला सिपाही मनीषा यादव के साथ राजकीय हाईस्कूल रौली कल्याणपुर में कक्षा नौ-दस के बच्चों व राजकीय हाईस्कूल भरतकूप कक्षा नौ-दस के बच्चों तथा राजकीय इण्टर कॉलेज घुरेटनपूर में कक्षा 8, 9, 10 के बच्चों और उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप में कक्षा 6, 7 व 8 के बच्चों को स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के तहत महिला व बाल अपराध की बाबत गोष्ठी की।

मंगलवार को गोष्ठी में दरोगा शैलेन्द्र सिंह ने स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के बच्चों को सुरक्षा व सहायता को महिला व बाल अपराध की बाबत प्रशिक्षित कर जागरूक किया। शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों में महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे।

उन्होंने स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को बताया कि उनके साथ किसी भी प्रकार के उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि उत्पीड़न रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच के बारे में बताया। अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं, समझ नहीं पाते। इस बाबत खुलकर बतायें तथा घर में अपने छोटे भाई/बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के बारे में बतायें।

दस हजार रुपये के ईनामी गैंगेस्टर को दबोचा, एसपी ने घोषित किया था ईनाम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्र की टीम ने दस हजार रुपये के इनामी गैंगेस्टर एक्ट के वांछित बब्बल खान उर्फ वजहुल कमर पुत्र समसुल कमर निवासी छीतेमऊ थाना मऊआइमा जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया। बब्बल खान काफी दिनों से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी को पुलिस अधीक्षक ने दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। टीम में प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ दीपेन्द्र कुमार सिंह, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही अमित सिंह, बब्बू राजा व पुष्पेन्द्र सिंह शामिल रहे।

सुरक्षा सैनिक के 225पदो सुरक्षा सुपरवाइजर के 50 पदो पर सुरक्षा अधिकारी ग्रेजुएट ट्रेनिंग ऑफिसर 15 पदो पर भर्ती

राजस्थान। जिला प्रशासन के सहयोग से पाली जिले में सुरक्षा सैनिक सुरक्षा सुपरवाईजार के पदों पर भर्ती चयन परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एंव ग्लोबल इण्डिया स्किल डवलपमेन्ट के तहत व एसआईएस के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के पद पर भर्ती हेतु चयन वरिष्ठ भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि 28 राउमावि देसूरी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 51 युवाओं ने भाग लिया शारीरिक व फिजिकल टेस्ट के बाद 10 युवाओं का चयन किया गया अगली भर्ती प्रक्रिया निम्न अनुसार होगी, 29 राउमावि देसूरी2, 3 सिंतबर राउमावि बाली 4,5सिंतबर राउमावि रोहट 6,7सिंतबर राउमावि मारवाड़ जंक्शन8, 9सिंतबर राउमावि रानी 10, 11सिंतबर राउमावि बागड़ पाली में भर्ती संबंधित अधिक जानकारी के लिये 8619863856 पर सम्पर्क कर सकते है। भर्ती में शामिल होने के लिए दसवीं की अंक तालिका आधार कार्ड दो फोटो के साथ शामिल हो सकते होउन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान को 14000 से 22000 रुपए एवं सुरक्षा सुपरवाईजर को 15000 से 28000 हजार रुपए तक मासिक मानदेय से पी. एफ. ई.एस.आई. सी. ग्रेच्यूटी, बोनस, मेडिकल की सुविधा इन्श्योरेन्स, सालाना वेतनवृद्धि, प्रमोशन, दुर्घटना बीमा, आवास एवं मैस आदि ।

बेहोश व्यक्ति को भूल कर भी ना दे पानी : नीलम कौशिक

चंडीगढ़। जिला उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसायटी पंचकूला श्री सुशील सारवान के मार्गदर्शन एवं सचिव सविता अग्रवाल के नेतृत्व में जिला रैड क्रॉस शाखा पंचकूला द्वारा एक दिवसीय बेसिक प्राथमिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधायक सेक्टर 6 पंचकूला में किया गया । इस जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला रैड क्रॉस शाखा पंचकूला से नीलम कौशिक प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या लेक्चरार ने कहा कि बेसिक फर्स्ट एड की जानकारी हम सब के लिए जरूरी है । आजकल हम देख रहे है कि अचानक किसी को हृदय घात होने हम घबरा जाते है ,पता नही होता क्या करना है, उन्होंने सभी उपस्थित विद्यार्थियों व अध्यापकों को बेसिक फर्स्ट एड में बेहोशी, घायल को मौके पर सहायता, दुर्घटना के समय पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, साँस न आने और हार्ट के कार्य न करने की अवस्था में जीवनदायिनी विधि सी0पी0आर0 विधि का प्रयोगात्मक तरीका समझाया। इसके साथ साथ बहते खून को रोकना , जलना , हड्डी का टूटना व सांप का काटने पर प्राथमिक सहायता इत्यादि विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी दी । अध्यापको व विधार्थियों ने सी पी आर का डमी पर भी अभ्यास किया । इस जागरूकता कार्यक्रम की सभी अध्यापकों सराहना की उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बेसिक फर्स्ट एड की जानकारी हम सब के लिए जरूरी है । आज रैड क्रॉस पंचकूला द्वारा जो जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो कि काफी लाभप्रद रहा ।इस अवसर पर हरियाणा रैड क्रोस से राज्य प्रशिक्षण पर्यवेक्षक रमेश चोधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

पत्राचार से इंटर करने को दस तक करें आवेदन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी की प्रधानाचार्य पुष्पा वर्मा ने बताया कि इण्टर मीडिएट (बालिका वर्ग) का केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज कर्वी को बनाया गया है। यहां से पत्राचार से एक वर्षीय, दो वर्षीय इण्टरमीडिएट (बालिका वर्ग) आवेदन कर सकती है। अंतिम तिथि दस सितम्बर है। उन्होंने बताया कि आवेदन को दस सितम्बर से पहले विद्यालय आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

दस लीटर महुआ शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रातप सिंह की अगुवाई में दरोगा रवीन्द्र कुमार कटियार ने कोदू कोल पुत्र स्व चुन्नीलाल निवासी रमपुरिया मजरा सरैया के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा रवीन्द्र कुमार कटियार, सिपाही दुर्गेश कुमार, चन्द्रभूषण राय शामिल रहे।

रक्षाबंधन: बाजार हुए गुलजार

सज गई हैं जगह-जगह दुकानें



अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाई-बहन के रक्षाबंधन के पर्व पर बाजार में दुकानें सज गई हैं। दूर-दराज से आने-जाने वाली बहनें पर्व पर राखी व मिठाई की खरीद्दारी करने लगे हैं।

मंगलवार को रक्षाबंधन पर्व पर बाजार गुलजार हो गया है। जगह-जगह राखी व मिठाई की दुकानें सज गई हैं। बाजार में खासी चहल-पहल व रौनक आ गई है। दूर-दराज से आने-जाने वाली बहनें राखी व मिठाई की खरीद्दारी में जुट गई हैं। रक्षाबंधन पर्व यूं तो 31 अगस्त को है, लेकिन कुछ लोग 30 अगस्त को भी रक्षाबंधन पर्व मना रहे हैं। पर्व के मद्देनजर बाजार खासा गुलजार नजर आ रहा है। जगह-जगह मिठाई व राखी की दुकानें सजी नजर आ रही हैं। इन दुकानों में ग्राहकों की भरमार 29 अगस्त से ही शुरू हो गई है। रक्षाबंधन पर्व बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का वचन लेंगी। भाई-बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन इस बार भी दो दिन मनाया जोयगा। कुछ स्थानों पर बहनें नदी व तालाबों में जाकर कजलियां विसर्जित करेंगी। इसके बाद मन्दिरों में भगवान को कजलियां अर्पण करने के बाद बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर कलाई में रक्षासूत्र बांधकर रक्षा करने का वचन लेंगी। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट करने की तैयारियां कर ली है।

किसानों की सूख रही धान फसल: विधायक, चिल्लीमल नहर में छोडें पर्याप्त पानी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने लघु डाल नहर बांदा के अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि चित्रकूट जिले की चिल्लीमल नहर पम्प कैनाल में पर्याप्त पानी न छोडने से तिरहार क्षेत्र के कई गांवों के किसानों की सैकडों एकड धान की फसल बर्बाद हो रही है।

मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने लघु डाल नहर बांदा के अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि चित्रकूट जिले के नैनी, बिहरवां, बक्टाखुर्द, अमवा, हस्ता, देवारी, सुरवल एवं खोपा आदि गांवों के किसानों को धान सिंचाई को पानी नहीं मिल रहा है। तमाम किसानों ने राजापुर एसडीएम से शिकायत की है। आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि किसानों की धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो रही है। इससे किसानों में भारी रोष है। उन्होंने अधिशाषी अभियंता बांदा से इस मामले में जल्द आवश्यक कार्यवाही कर किसानों को सिंचाई को चिल्लीमल नहर पम्प कैनाल में पर्याप्त पानी छोडवाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उन्हें भी इससे अवगत करायें।

एडीएम के निर्देश बेअसर, खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावटखोरी

जांच के नाम पर हो रही लीपापोती- तंबाकू युक्त गुटखा का धड़ल्ले से हो रहा कारोबार - नमूने भरकर कराते हैं कार्यवाही: सीआर प्रजापति

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। खाद्य पदार्थों एवं औषधियों पर हो रही मिलावटखोरी की रोकथाम को अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के साथ बैठक कर खाद्य पदार्थों व औषधियों पर मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये थे। खाद्य पदार्थों व औषधियों में मिलावटखोरी बर्दाश्त न करने के एडीएम के निदेर्शों का व्यापारियों पर असर दिखाई दे रहा है, लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग पर कोई असर नजर नहीं आ रहा। इसके चलते जिला मुख्यालय समेत तहसील मुख्यालयों में भारी तादाद में मिलावटी मिठाई बेंची जा रही है।

मंगलवार को मिलावटी मिठाई बाजार में उतारने की जानकारी मिली। रक्षाबंधन पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम खाद्य पदार्थों की जांच के नाम पर मिठाई दुकानों पर छापेमारी कर रही है। खाद्य पदार्थों के नमूने भरे जा रहे हैं। इसके बाद भी मिलावटखोरी पर अंकुश लगता नहीं दिखाई दे रहा। जिला मुख्यालय व तहसील मुख्यालयों की मिठाई की बड़ी दुकानों पर कभी नमूने नहीं भरे जाते। कभी छापेमारी कर नमूने लिए भी जाते हैं, तो वे नमूने ज्यादातर गुणवत्तापूर्ण दिखाए जाते हैं, जबकि मिठाई की बडी दुकानों में बड़ी मात्रा में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी की जाती है। दूध डेयरियों में मिलावटी दूध, खोवा व पनीर बनाया जाता है। बड़ी मात्रा में सिंथेटिक दूध तैयार कर जनता को जहर की आपूर्ति की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जांच के नाम पर सिर्फ नमूने भरने का हवाला दे रहे हैं।

जिला मुख्यालय समेत तहसील मुख्यालयों में तंबाकू युक्त गुटखे का कारोबार जारी है। जिला मुख्यालय समेत तहसील मुख्यालयों के गांव-गलियारों की दुकानों में तंबाकू युक्त गुटखा भारी तादाद में बेचा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम जांच के नाम पर लीपापोती करती दिख रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में मिठाई दुकानों व तंबाकू युक्त गुटखा बेंचने वाले व्यापारियों से मिलीभगत किये है। मिठाई दुकान संचालक व तंबाकू युक्त गुटखा संचालक खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी कर जनता को जहर बेचते दिख रहे हैं। सवाल है कि रक्षाबंधन पर्व पर मिठाई दुकानों पर मिलावटखोरी रोकने को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम प्रभावी कार्यवाही कब करेगी। इस बारे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अभिहीत अधिकारी सीआर प्रजापति ने कहा कि उनकी टीम पूरी मुस्तैदी से मिलावटखोरों की जांच में जुटी है। नमूने भेजकर कार्यवाही कराई जाती है। उनके प्रयास हैं कि जिले में लोगों को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले।

टाइगर ग्लोबल, डीएसटी ग्लोबल ने Zomato में अपनी 1.8फीसदी हिस्सेदारी 1,412 करोड़ में बेची

नई दिल्ली। टाइबर ग्लोबल और अरबपति यूरी मिल्नर की डीएसटी ग्लोबल ने जोमैटो में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिए 1,412 करोड़ रुपए में बेच दी है। एक्सिस म्यूचुअल फंड, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, फाउंडर्स कलेक्टिव फंड, मॉर्गन स्टेनली एशिया सिंगापुर और सोसायटी जनरली ने ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने के सामान की आपूर्ति करने वाली कंपनी जोमैटो के शेयर खरीदे हैं।

बीएसई और एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, टाइगर ग्लोबल ने बीएसई पर जोमैटो के 12,34,86,408 शेयर बेचे। यह 1.44 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। वहीं डीएसटी ग्लोबल ने अपनी निवेश इकाई अपोलेटो एशिया लि. के जरिये 3,19,80,447 शेयर बेचे, जो 0.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इन शेयरों की बिक्री 90.10 से 91.01 रुपए प्रति शेयर के भाव पर की गई। इस तरह सौदे का सामूहिक मूल्य 1,411.99 करोड़ रुपए बैठता है। बीएसई पर जोमैटो का शेयर 1.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 92.33 रुपए पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 1.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 92.35 रुपए रहा।

कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के कीमतों में अस्थिरता बनी हुई है। ब्रेंट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.08 डॉलर यानी 0.09 फीसदी लुढ़कर 84.34 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.10 डॉलर यानी 0.12 फीसदी की बढ़त के साथ 80 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह के आखिरी दो कारोबारी दिन के दौरान गिरावट का सामना करने के बाद आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। हालांकि आज दिन भर लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बनी रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। आज के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के दौरान रियल्टी, कैपिटल गुड्स, फार्मास्यूटिकल, इंडस्ट्रियल और टेलीकम्युनिकेशन सेक्टर से जुड़े शेयरों में खरीदारी होती रही। कैपिटल गुड्स और रियल्टी इंडेक्स 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण बीएससी का मिडकैप इंडेक्स 0.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स ने 0.59 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 307.85 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इन कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन 306.84 लाख करोड़ रुपये था।

'एफडीआई आकर्षित करने में महाराष्ट्र अव्वल स्थान पर', डिप्टी सीएम फडणवीस ने कही यह बात

मुंबई । महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य ने 36,634 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में दिल्ली, कर्नाटक और तेलंगाना द्वारा प्राप्त निवेश की राशि से अधिक है।

फडणवीस ने यह भी कहा कि उन्होंने और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पिछले साल जून में अपनी सरकार के सत्ता संभालने के समय महाराष्ट्र को देश का नंबर एक राज्य बनाने के वादे को पूरा किया। महाराष्ट्र जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1,18,422 करोड़ रुपये के एफडीआई को आकर्षित करने में पहले स्थान पर था, वह वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में भी पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का एफडीआई दिल्ली, कर्नाटक और

डीपीआईआईटी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में 36,634 करोड़ रुपये का एफडीआई निवेश आया है। तेलंगाना में एफडीआई की संचयी राशि से अधिक है, जो क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

बासमती चावल निर्यात के लिए 1,200 डॉलर प्रति टन की न्यूनतम सीमा का कोई असर नहीं : एलटी फूड्स

नई दिल्ली । एलटी फूड्स लिमिटेड ने कहा कि बासमती चावल पर 1,200 अमेरिकी डॉलर प्रति टन की न्यूनतम निर्यात मूल्य सीमा लगाने के सरकार के फैसले से कंपनी के बासमती निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में दावा किया कि इस मूल्य सीमा का एलटी फूड्स लिमिटेड के निर्यात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि कंपनी ज्यादातर अपने विश्वसनीय ब्रांड यानी 'दावत' और 'रॉयल' में प्रीमियम और पुराने चावल का निर्यात करती है, जिनमें से अधिकतर का निर्यात मूल्य, उक्त न्यूनतम निर्यात मूल्य सीमा से कहीं अधिक है।'' सरकार ने प्रीमियम बासमती चावल की आड़ में सफेद गैर-बासमती चावल की संभावित ''अवैध'' निर्यात खेपों को प्रतिबंधित करने के लिए 1,200 डॉलर प्रति टन

से नीचे के भाव के बासमती चावल के निर्यात की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। एक बयान में, वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि उसने व्यापार संवर्धन निकाय- एपीडा को 1,200 डॉलर प्रति टन से नीचे के अनुबंधों को पंजीकृत नहीं करने का निर्देश दिया है। 1,200 डॉलर प्रति टन से नीचे के मौजूदा अनुबंधों को स्थगित रखा गया है। भविष्य की कार्रवाई का मूल्यांकन करने के लिए एपीडा के अध्यक्ष के तहत एक समिति गठित की जाएगी। बासमती चावल निर्यातक जीआरएम ओवरसीज के प्रबंध निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, ''पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान बासमती चावल निर्यात की औसत कीमत 900 डॉलर और 1,000 डॉलर प्रति टन के बीच है।''

सीआईपीएल भारत सरकार की कंपनी के लिए दो डाटा सेंटर स्थापित करेगी, 137 करोड़ रुपये में मिला अनुबंध

नोएडा। नोएडा स्थित कॉरपोरेट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड (सीआईपीएल) ने भारत सरकार की कंपनी सिक्योरिटी प्रिंटिंग और मिंटिंग कॉर्प से 137 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है। इस करार के तहत सीआईपीएल नोएडा और हैदराबाद में दो डाटा सेंटर की स्थापना करेगी।

टेक्नोलॉजी सोल्यूशन कंपनी सीआईपीएल ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने दो डेटा केंद्र स्थापित करने के लिए भारत सरकार की स्वामित्व वाली %%सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के साथ 137 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

कॉरपोरेट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड और सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ

SECURITY PRINTING AND MINTING CORPORATION OF INDIA LIMITED

इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के साथ 'PRAGAMAN' नामक एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत सीआईपीएल के द्वारा नोएडा और हैदराबाद में दो डेटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। सीआईपीएल ने अपने बयान में कहा कि ये दो डेटा सेंटर जिसमें एक प्राइमरी और दूसरा डिजास्टर रिकवरी डेटा सेंटर शामिल है। लेटेस्ट तकनीक पर आधारित इस डेटा सेंटर की स्थापना से एसपीएमसीआईएल की कार्य दक्षता, स्पीड और एक्यूरेसी के मामले में पहले से बहुत बेहतर होगी।

भारत सरकार की स्वामित्व वाली कंपनी एसपीएमसीआईएल में बैंक करेंसी नोट, सिक्यूरिटी पेपर, गैर-न्यायिक स्टांप पेपर, डाक टिकट और सिक्कों का निर्माण किया जाता है। इस ऐतिहासिक अनुबंध के साइन होने के मौके पर सीआईपीएल ने कहा कि कंपनी ने पिछले 15 वर्षों में केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जिम्मेदारी से पूरा किया है। कंपनी ने अपने बायन में भरोसा जताया कि आगे आने वाले समय में भी वो ऐसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को इसी जिम्मेदारी से पूरा करती रहेगी।

अस्थायी कर्मचारियों के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण में मदद करें ऑनलाइन भोजन डिलिवरी मंच : एनसीएईआर

नई दिल्ली। खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन ऑर्डर पर डिलिवरी सुविधा देने वाले मंचों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके लिये काम कर रहे अस्थायी कर्मचारी ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हों। साथ ही ये मंच सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आयुष्मान भारत योजना और अटल पेंशन योजना से उन्हें जुड़ने में मदद करें। आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लॉयड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) ने यह सुझाव दिया। एनसीएईआर के अध्ययन में कहा गया है कि सरकार अस्थायी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये सबसे अच्छा माध्यम है। साथ ही इन कंपनियों को केंद्रीकृत तरीके से सामाजिक सुरक्षा को वित्तपोषित करने के लिये सरकार को अतिरिक्त राजस्व प्रदान करना चाहिए।खाद्य वितरण मंच के श्रमिकों के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव आकलन' पर एनसीएईआर की रिपोर्ट के अनुसार, 61.9 प्रतिशत श्रमिकों को सस्ते गल्ले की दुकानों से राशन मिला जबकि उनमें से केवल 12.2 प्रतिशत के पास आयुष्मान भारत कार्ड है। वहीं 7.1 प्रतिशत ई-श्रम पर पंजीकृत हैं जबकि चार प्रतिशत के पास अटल पेंशन योजना है। इंटरनेट आधारित सेवाएं देने वाली प्रोसस द्वारा प्रायोजित अध्ययन में कहा गया है, ''ऑनलाइन खाना बुकिंग और डिलिवरी सुविधा देने वाली कंपनियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके अस्थायी कर्मचारी ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हों। साथ ही वे पीडीएस, आयुष्मान भारत/राज्य स्वास्थ्य योजना और अटल पेंशन योजना में पंजीकरण में उनकी मदद करें।''हालांकि, इसमें कहा गया है कि डिलिवरी सेवा से जुड़े सभी कर्मचारियों का दुर्घटना बीमा है। एनसीएईआर ने कहा कि उसने 28 शहरों में फैलेखाना वितरण मंच से जुड़े 924 श्रमिकों का टेलीफोन के जरिये सर्वेक्षण किया।

ईडी ने दायर किया नया आरोप-पत्र, बंगाल के पूर्व डीजीपी और पूर्व सीपीएम विधायक का नाम

नई दिल्ली। सारदा समूह धनशोधन मामले में ईडी ने नया आरोप-पत्र दाखिल किया है। इस मामले में पश्चिम बंगाल के एक पूर्व डीजीपी और माकपा के एक पूर्व विधायक को आरोपी बनाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने सारदा समूह धनशोधन मामले में नया आरोप-पत्र दायर किया है और एक पूर्व डीजीपी तथा माकपा के एक पूर्व विधायक को आरोपी बनाया है।

संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दूसरी पूरक अभियोजन शिकायत 21 अगस्त को कोलकाता में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर की गई थी और अदालत ने उसी दिन आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया था।

ताजा आरोप-पत्र में पश्चिम बंगाल सशस्त्र पुलिस के पूर्व डीजीपी रजत कुमार मजूमदार, भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और माकपा के पूर्व विधायक देबेंद्रनाथ बिस्वास, ईस्ट बंगाल क्लब की कार्यकारी समिति के सदस्य देबब्रत सरकार और संधीर अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, नरेश बलोदिया और अनुभूति प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि यह कंपनी असम के पूर्व कैबिनेट मंत्री और राज्य कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष दिवंगत अंजन दत्ता के स्वामित्व वाली है।

इन पर शारदा समूह की कंपनियों से अपराध से अर्जित धन हासिल करने और इसे बेदाग संपत्ति के रूप में पेश करने का आरोप है। ईडी के अनुसार, शारदा समूह 2009-2013 के दौरान नियामक प्राधिकरणों से किसी भी उचित अनुमति के बिना पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में निर्दोष निवेशकों से बड़ी राशि की अवैध वसूली में लगा हुआ था। इसमें कहा गया है, %इसके बाद सारदा समूह ने जनता से जुटाए गए धन को प्रवर्तकों के निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया और निवेशकों को भुगतान में चूक की।

एजेंसी ने इससे पहले इस मामले में 380 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने के लिए नौ कुर्की आदेश जारी किए थे। ईडी ने आरोपियों के खिलाफ कोलकाता पुलिस की कुछ प्राथमिकियों का अध्ययन करने के बाद 2013 में सारदा समूह और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया था।

नामी कंपनियों की नकली शराब बेचने से जुड़े मामले में भी चार्जशीट दाखिलः ईडी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने यूनाइटेड स्पिरिट लिमिटेड और फ्रांसीसी कंपनी परनोड रिकार्ड जैसी ब्रांडेड शराब कंपनियों के नकली सामानों की कथित बिक्री से जुड़े एक मामले में धनशोधन के आरोपों पर आरोप-पत्र दायर किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि किशोर शॉ नाम के एक व्यक्ति के खिलाफ 21 अगस्त को कोलकाता में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत के समक्ष अभियोजन शिकायत दर्ज की गई थी और अदालत ने उसी दिन आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया था। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला कोलकाता पुलिस द्वारा शॉ के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के तहत दर्ज एफआईआर से उपजा है, जिसमें यूनाइटेड स्पिरिट लिमिटेड और परनोड रिकार्ड इंडिया (पी) लिमिटेड की नकली शराब की बिक्री का आरोप लगाया गया है। ईडी ने जनवरी में शॉ की 13.09 लाख रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि जब्त की थी।

इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर टाटा मोटर्स उत्साहित, ईवी कारोबार के लिए नई ब्रांड पहचान की पेशकश

नई दिल्ली। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने मंगलवार को एक नई ब्रांड पहचान की पेशकश की। कंपनी 2026 तक दस नए बैटरी आधारित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पेश करने की तैयारी कर रही है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने एक बयान में कहा कि उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग के साथ ईवी की पेशकश बढ़ रही है और ऐसे में ग्राहक एक बेहतरीन अनुभव चाहते हैं। बयान में कहा गया कि कंपनी के इलेक्ट्रिक व्यवसाय के लिए नयी ब्रांड पहचान 'टाटा डॉट ईवी' पेश की गई है, जो इलेक्ट्रिक भविष्य की ओर बढ़ने के लिए एक सामूहिक पहल की दिशा में उठाया गया कदम है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विपणन, बिक्री और सेवा रणनीति प्रमुख विवेक श्रीवत्स ने कहा कि कंपनी 'टाटा डॉट ईवी'के साथ एक नए युग में प्रवेश कर रही है।

RIL के बोर्ड से नीता अंबानी का इस्तीफा; आकाश, ईशा और अनंत गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त

मुंबई। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शेयरहोल्डर्स को संबोधित करते हुए पिछले एक साल में कंपनी की ओर से उठाए गए जरूरी कदम और आने वाले समय में कंपनी की योजनाओं की जानकारी दी। अपने 46वें ,तरूमें कंपनी ने बोर्ड में बड़े बदलाव का एलान किया है। नीता अंबानी ने कंपनी के बोर्ड से अलग होने का फैसला किया है। वहीं कंपनी ने बताया कि आज बोर्ड बैठक में इस बदलाव को मंजूरी दी गई है।

बोर्ड ने नीता अंबानी का इस्तीफा किया स्वीकार

का इस्तीफे को भी स्वीकार किया है। नीता अंबानी ने रिलायंस फाउंडेशन को अधिक समय देने के लिए आरआईएल के बोर्ड से इस्तीफा देने का फैसला किया है। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने ऊर्जा से लेकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाली अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की उत्तराधिकार योजना पर काम शुरू करते हुए सोमवार को अपने तीन बच्चों ईशा, आकाश और अनंत को कंपनी के निदेशक मंडल में नियुक्त किया। अब तक, तीनों बच्चे केवल परिचालन व्यवसाय-स्तर पर कंपनी में शामिल थे। उनमें से कोई भी भारत की सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनी के बोर्ड में नहीं था।

पहली बार RIL के निदेशक मंडल में शामिल किए गए मुकेश अंबानी के तीनों संतान

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की सालाना आम बैठक से पहले

एक बैठक हुई जिसमें जुड़वां बच्चों ईशा और आकाश के साथ-साथ अनंत को कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी गई।

आकाश रिलायंस जियो इन्फोकॉम तो ईशा रिलायंस रिटेल की संभाल रहीं कमान

पिछले साल, 66 वर्षीय टाइकून ने अपनी पहली संतान आकाश अंबानी को भारत की सबसे बड़ी मोबाइल फर्म, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड का अध्यक्ष बनाया था। जियो इंफोकॉम जियो प्लेटफॉर्म्स की सहायक कंपनी है, जिसमें मेटा और गूगल की हिस्सेदारी है और अब भी मुकेश अंबानी इसकी अध्यक्षता संभाल रहे हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड जियो प्लेटफॉर्म्स की पैरेंट कंपनी है। आकाश की जुड़वां बहन, 31 वर्षीय ईशा अंबानी के पास रिलायंस रिटेल की कमान थी जबकि सबसे छोटे भाई अनंत को कंपनी के नए ऊर्जा व्यवसाय के लिए चुना गया था। भाई-बहन समूह की विभिन्न कंपनियों के बोर्ड में रहे हैं, लेकिन यह पहली बार है जब उन्हें मूल के बोर्ड में नियुक्त किया गया है। रिलायंस ने एक बयान में कहा कि शेयरधारकों की मंजूरी के बाद उनकी नियुक्ति उनके कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होगी।

बच्चों के लिए रास्ता बनाने के उद्देश्य से नीता अंबानी ने बोर्ड से दिया इस्तीफा

रिलायंस मुकेश को अप्रैल 2029 तक पांच साल का एक और कार्यकाल देने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगी। उनकी पत्नी नीता कंपनी के बोर्ड में निदेशक थीं, लेकिन उन्होंने बच्चों के लिए रास्ता बनाने के लिए इस्तीफा दे दिया है।

एजीएम के बाद रिलायंस की ओर से जारी बयान में कहा गया है, नदेशक मंडल ने नीता अंबानी का बोर्ड से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उन्होंने रिलायंस फाउंडेशन को भारत के लिए और अधिक प्रभावशाली और सक्षम बनाने के लिए नीता अंबानी की ओर से लिए गए फैसले का सम्मान किया है।÷ अमेरिका की आइवी लीग विश्वविद्यालय से पढ़े अंबानी परिवार की नई पीढ़ी को पिछले कुछ वर्षों में रिलायंस की तीन इकाइयों - तेल से लेकर रसायन, दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र में नेतृत्व के पदों के लिए तैयार किया गया है। तीनों व्यवसाय आकार में लगभग समान हैं।

नई प्रौद्योगिकियों के साथ फसल उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत : अमिताभ कांत

नई दिल्ली। भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने नयी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिये फसल उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन के प्रति स्मार्ट और अनुकूल बनाने के लिए ऐसा करना चाहिए। कांत यहां आयोजित जी20 इंडिया एग्री-टेक समिट 2023 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'ऊंची आर्थिक वृद्धि के लिए भारत को कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है। इसकी उत्पादकता तेजी से बढ़नी चाहिए। इसका मतलब यह होगा कि हमें कई नई अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता होगी।'' उन्होंने कहा कि कृषि का डिजिटलीकरण, कृषि क्षेत्र में तकनीकी परिवर्तन और नवाचार इस वर्ष जीसीओ में भारतीय अध्यक्षता में केंद्रीय प्राथमिकता रही है।खाद्य वितरण मंच के श्रमिकों के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव आकलन' पर एनसीएईआर की रिपोर्ट के अनुसार, 61.9 प्रतिशत श्रमिकों को सस्ते गल्ले की दुकानों से राशन मिला जबकि उनमें से केवल 12.2 प्रतिशत के पास आयुष्मान भारत कार्ड है। वहीं 7.1 प्रतिशत ई-श्रम पर पंजीकृत हैं जबकि चार प्रतिशत के पास अटल पेंशन योजना है। इंटरनेट आधारित सेवाएं देने वाली प्रोसस द्वारा प्रायोजित अध्ययन में कहा गया है, ''ऑनलाइन खाना बुकिंग और डिलिवरी सुविधा देने वाली कंपनियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके अस्थायी कर्मचारी ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हों। साथ ही वे पीडीएस, आयुष्मान भारत/राज्य स्वास्थ्य योजना और अटल पेंशन योजना में पंजीकरण में उनकी मदद करें।''हालांकि, इसमें कहा गया है कि डिलिवरी सेवा से जुड़े सभी कर्मचारियों का दुर्घटना बीमा है। एनसीएईआर ने कहा कि उसने 28 शहरों में फैलेखाना वितरण मंच से जुड़े 924 श्रमिकों का टेलीफोन के जरिये सर्वेक्षण किया। सर्वे में शामिल कर्मचारियों में 57.8 प्रतिशत उस दौरान कार्यरत थे जबकि 42.2 प्रतिशत कंपनियों के लिये काम नहीं कर रहे थे। इन कर्मचारियों का काम के अधिकतम घंटे 10.8 और न्यूनतम 5.2 थे। इसमें से बहुसंख्यक कर्मचारी (99 प्रतिशत) पुरुष थे। सर्वे में शामिल कर्मचारियों में से आधे बड़े शहरों (टियर-1) और आधे मझोले तथा छोटे शहरों (टियर दो और टियर तीन) से थे।

अडाणी ग्रुप ने डिस्क्लोजर-रूल्स का किया उल्लंघन

सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी रएइक ने अडाणी-हिंडनबर्ग मामले की जांच में लिमिट से ज्यादा ऑफशोर फंडिग लेने और लिस्टेड एंटीटी की ओर से डिस्क्लोजर के नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नियमों का यह उल्लंघन टेक्निकल नेचर का है यानी इसमें किसी व्यक्ति का हाथ नहीं है। इसलिए जांच खत्म हो जाने के बाद कुछ पेनल्टी से ज्यादा का दंड नहीं होगा। इस मामले में रएइक फिलहाल किसी भी खुलासे को तब तक पब्लिक नहीं करेगा, जब तक वह जांच फाइनल नहीं हो जाती।

जांच में पाया गया है कि अडाणी की कंपनियों में ऑफशोर फंड (विदेशी फंड) के शेयर नियमों के हिसाब से नहीं थे। किसी भी भारतीय कंपनी में ऑफशोर इन्वेस्टर, फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर के रूप में अधिकतम 10% इन्वेस्ट कर सकता है।

सबसे ज्यादा किसी भी अमाउंट को ऋक्र यानी फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट माना जाएगा। अडाणी की कंपनियों ने इसी नियम का उल्लंघन किया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।